Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 64 | गुरुवार, 06 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'यूपी भेजिए, ढंग से इलाज कर देंगे'
# अबू आजमी पर बरसे सीएम योगी, कहा औरंगजेब को आदर्श मानते हैं सपा विधायक

**नई दिल्ली।**



योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अबू आजमी के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'लोहिया से ज्यादा औरंगजेब समाजवादी पार्टी के आदर्श हैं।' समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी हालिया टिप्पणी पर विवाद के बीच महाराष्ट्र विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान परयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका इलाज करेंगे। योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं। दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट कर दिया। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उनके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका उपचार करेंगे।

### केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे प्रोजेक्ट्स को मोदी सरकार की मंजूरी



**नई दिल्ली।** केदारनाथ रोपवे परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी है। परियोजना की कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की संयुक्त लागत के साथ केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। कैबिनेट के फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि 12.9 किलोमीटर लंबी केदारनाथ रोपवे परियोजना की लागत 4,081 करोड़ रुपये से अधिक होगी, जबकि 12.4 किलोमीटर लंबी हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना की लागत 2,730 करोड़ रुपये होगी।

### मणिशंकर अय्यर के बयान पर सफाई में उतरी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कुँवर दानिश अली ने कहा कि राजीव गांधी को देश में आईटी क्रांति और आधुनिकीकरण लाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत भी की थी। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करना चाहता जो फ्रस्टेटेड व्यक्ति है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी ने बुधवार को एक नया विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को पहले कैम्ब्रिज में और फिर इंपीरियल कॉलेज में दो बार शिक्षाविदों में असफल बताया। अपनी ही पार्टी के प्रधान मंत्री की आलोचना करने वाले अय्यर की टिप्पणी ने सत्तारूढ़ भाजपा को सबसे पुरानी पार्टी पर हमले को तेज करने के लिए नया हथियार दे दिया है।

## अमरनाथ यात्रा की आ गई डेट, 3 जुलाई को खुलेंगे बाबा बफार्नी के कपाट



**नई दिल्ली।**

डीजीपी नलिन प्रभात और मुख्य सचिव अटल डुल्लू जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा की अंतिम तारीखों पर मुहर लगा दी गई। श्रद्धालु अब 3 जुलाई से 9 अगस्त तक बाबा बफार्नी के दर्शन कर सकते हैं। श्री अमरनाथ यात्रा 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। श्रद्धालु 3 जुलाई से 9 अगस्त तक बाबा बफार्नी के दर्शन कर सकेंगे। भक्तों के पास बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए 39 दिन होंगे। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन और जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व में एक बैठक हुई। डीजीपी नलिन प्रभात और मुख्य सचिव अटल डुल्लू जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा की अंतिम तारीखों पर मुहर लगा दी गई। श्रद्धालु अब 3 जुलाई से 9 अगस्त तक बाबा बफार्नी के दर्शन कर सकते हैं। हर साल अमरनाथ यात्रा 45 से 60 दिनों तक चलती थी. पिछले साल भक्तों ने 29 जून से 19 अगस्त तक बाबा बफार्नी के दर्शन किए थे. हालांकि, इस साल अमरनाथ यात्रा केवल 39 दिनों तक चलेगी।

### हमास के साथ अमेरिका की गुप्त वार्ता
## ट्रंप बोले- बंधकों को रिहा नहीं किया तो नरक में जाने को तैयार रहें

**वाशिंगटन।**



ट्रंप प्रशासन गाजा में बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने की संभावना पर उग्रवादी फलस्तीनी समूह हमास के साथ गुप्त वार्ता कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि बंधक मामलों के लिए अमेरिका के विशेष दूत एडम बोहलर ने हाल के सप्ताहों में कतर की राजधानी दोहा में हमास के साथ सीधी वार्ता की। इससे पहले अमेरिका ने इस इस्लामी समूह के साथ सीधे संपर्क से परहेज किया था। जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को इसका अनुपालन नहीं करने पर भुगतान करने के लिए नरक की चेतावनी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास आतंकवादियों से गाजा में रखे गए सभी बंधकों को तुरंत रिहा करने के लिए कहा और अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द बंधकों को छोड़ दिया जाए। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि यह आपको आखिरी चेतावनी है! नेतृत्व के लिए, अब गाजा छोड़ने का समय है, जबकि आपके पास अभी भी मौका है। साथ ही, गाजा के लोगों के लिए: एक सुंदर भविष्य इंतजार कर रहा है, लेकिन तब नहीं जब आपने बंधक बना के रखा हो। यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप मरेंगे। ट्रंप ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो भुगतने और नरक में जाने को तैयार रहें। हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल में सीमा पार से हमला किया था।

### एयर इंडिया ने व्हिसलब्लोअर शिकायत के बाद प्रशिक्षक पायलट को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बयान में कहा कि इन आरोपों की विस्तृत जांच की गई और साक्ष्यों की समीक्षा में इनकी पुष्टि हुई। एयरलाइन ने अधिक ब्योरा न देते हुए कहा कि आरोपी ट्रेनर पायलट की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं।

एयर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने चूक के लिए एक प्रशिक्षक पायलट की सेवाएं समाप्त कर दी हैं और उसके अधीन प्रशिक्षण लेने वाले 10 पायलटों को जांच लंबित रहने तक उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने यह कार्रवाई हाल ही में एक व्हिसलब्लोअर की तरफ से लगाए गए आरोपों के बाद की है।

## ट्रेड वार में देश के लिए बड़ी संभावनाएं देख रहा संघ, मेक इन इंडिया फॉर ग्लोबल के लिए नीति पर दे रहे जोर

**नई दिल्ली।**



अमेरिका से शुरू वैश्विक ट्रेड वार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके समवैचारिक संगठनों ने भारत के लिए नई संभावनाओं के तौर पर चिह्नित कर सक्रियता बढ़ा दी है। यह इसलिए कि देश की 140 करोड़ की आबादी, सरकार के प्रयासों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम व बड़ा श्रमबल मेक इन इंडिया फॉर ग्लोबल के लिए मुफीद है, माहौल अनुकूल है।

वैश्विक मंच पर भारतीय उत्पादों की धाक बढ़ाई जा सकती है

ऐसे में ट्रेड वार के मामूली झटकों से निकलकर अपनी क्षमता बढ़ाते हुए वैश्विक मंच पर भारतीय उत्पादों की धाक बढ़ाई जा सकती है। संघ संगठनों के अनुसार, इसके लिए गुणवत्ता, तकनीक, कौशल के साथ अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर तेजी से काम करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार की जो कार्य योजना 10 वर्ष बाद के लिए थी, उसे अभी से प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जानकारों के अनुसार संघ की 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में विमर्श में ट्रेड वार का विषय भी रहेगा। समवैचारिक संगठन इसके लाभ-हानि पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगे। लघु उद्योग भारती, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ व स्वदेशी जागरण मंच जैसे संघ के कई समवैचारिक संगठन विनिर्माण, कृषि, श्रम व उपभोक्ता समाज से जुड़े हुए हैं, जो देश की आर्थिकी में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# फाइनल में भिड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।**



न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसे न्यूजीलैंड ने 50 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ कीवी टीम फाइनल में पहुंच गई है। वही अब रविवार, 9 मार्च को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड टीम फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसे न्यूजीलैंड ने 50 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ कीवी टीम फाइनल में पहुंच गई है। वही अब रविवार, 9 मार्च को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड टीम फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में एंट्री की थी। फिलहाल, दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने धीमी शुरूआत की और फिर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए, जिससे न्यूजीलैंड ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 312 रन बना सकी। साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने नाबाद 100 रन बनाए। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंटनर (43 रन पर तीन विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (27 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम डेविड मिलर (नाबाद 100 रन, 67 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और रेसी वान डेर डुसेन (69) तथा कप्तान तेंबा बावुमा (56) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी।

**दक्षिण अफ्रीका टीम हुई बाहर**

## उद्धव ठाकरे ने अबू आजमी के स्थायी निलंबन की मांग की



**नई दिल्ली।**

ठाकरे ने अपने निलंबन पर आपत्ति जताने वाले विधायक अबू आजमी का समर्थन करने के लिए यूपी के पूर्व सीएम और एसपी प्रमुख अखिलेश यादव की भी आलोचना की। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि अगर वे चाहें तो आजमी को यूपी से चुनाव लड़वा दें, क्योंकि पूरे महाराष्ट्र ने उनके बयान पर आपत्ति जताई है।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने औरंगजेब के संबंध में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की आलोचना की और राज्य विधानसभा से उनके स्थायी निलंबन की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए। यह सिर्फ बजट सत्र के लिए नहीं होना चाहिए, निलंबन स्थायी होना चाहिए। इससे पहले दिन में, अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया था। इस बीच, ठाकरे ने अपने निलंबन पर आपत्ति जताने वाले विधायक अबू आजमी का समर्थन करने के लिए यूपी के पूर्व सीएम और एसपी प्रमुख अखिलेश यादव की भी आलोचना की। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि अगर वे चाहें तो आजमी को यूपी से चुनाव लड़वा दें।

# पीएम मोदी का उत्तराखंड दौरा आज

**उत्तरकाशी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे। वे सुबह करीब 9:30 बजे मुखवा गांव में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे।

सुबह करीब 10:40 बजे वे एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही पीएम हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। हजारों श्रद्धालु पहले ही गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के शीतकालीन स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे सहित पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देना है। पहले 27 फरवरी को प्रधानमंत्री का दौरा प्रस्तावित था। लेकिन मौसम सहित अन्य कारणों के चलते संभव नहीं हो पाया था। प्रधानमंत्री का दौरा तय होते ही जिला प्रशासन ने मुखबा में प्रधानमंत्री के गंगा मंदिर में पूजा-अर्चना समेत हर्षिल में प्रस्तावित जन सभा को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। मुखबा में जहां प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए गांव के प्रमुख रास्तों व चौक को फूलों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मुखबा गांव खास तौर पर एक व्यू प्वाइंट बनाया गया है। इस व्यू प्वाइंट से पीएम मोदी हर्षिल घाटी समेत माउंट श्रीकंठ व हॉर्न ऑफ हर्षिल का दीदार करेंगे। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो पीएम मोदी के साथ फोटो फ्रेम में आते ही इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय फलक पर पहचान मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में ट्रैकिंग व पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



## संपादक की कलम से

### सौदेबाजी का ट्रंप कार्ड

बीते शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस–यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता, यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता।



ललित शर्मा
संपादक



प्रिया देवांगन

### खुशियों की होली

कविता

रंग प्रीत की सज गई आज।
है खुशियों की होली।।

उड़े मेघ में तितली जैसी,
सुरम्य दिखे नजारे।
रंग देख मोहित हैं सारे।
करते हँसी ठिठोली।।

पायल मेरी शोर मचाती,
नयना काजल आँजे,
राह ताकती तेरी साजन,
यौवन तुझसे साजे,
हिय तरसे बातें सुनने को,
मधुरस तेरी बोली।।

सतरंगी ये छटा बिखेरी,
चली आज पिचकारी।
दिखे लालिमा इन कपोल पर,
लगती कितनी प्यारी।
प्रीत किया है इक दूजे से,
मिले भाग की गोली।।

व्याकुलता मन में छाई है,
अगन लगी है काया,
स्वप्न आज साकार करो तुम,
छूट न जाए साया।।
आओ साजन! रंग लगाओ,
भींगे मेरी चोली।।

है खुशियों की होली।
है खुशियों की होली।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी.टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मोटापे से जाता है देश में भुखमरी कुपोषण को रोकने का रास्ता



भारत विडम्बनाओं से भरा देश है। इन्हीं में से एक है मोटापा और भुखमरी। इनमें एक जुड़ाव भी है। एक तरफ अनावश्यक और अत्यधिक खाने से बढ? वाला मोटापे से होने वाली बीमारियां राष्ट्रव्यापी समस्या बनती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ आबादी का एक बड़े हिस्सा दो वक्त का भरपेट भोजन नसीब नहीं होने से कुपोषित होकर रोगग्रस्त हो रहा है। यदि मोटापा खत्म या नियंत्रित हो जाए तो इससे भुखमरी व कुपोषण के लिए धन की कमी पूरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 119वी श्रृंखला में देश में बढ़ती मोटापे की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और भारत में मोटापे की व्यापकता पर ध्यान देने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं। जैसे एक तरीका है कि खाने के तेल में 10 पर्सेंट की कमी करना। भोजन में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के दस प्रसिद्ध लोगों को नॉमिनेट किया। मोटापा सिर्फ सेहत का मसला नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। एक नई स्टडी के अनुसार, भारत में मोटापे का आर्थिक बोझ 2030 तक बढ़कर 6.7 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगा। यह लगभग 4,700 रुपये प्रति व्यक्ति होगा, जोकि जीडीपी का 1.57 फीसदी है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, 2019 में मोटापे का आर्थिक प्रभाव 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह लगभग 1,800 रुपये प्रति व्यक्ति और जीडीपी का 1.02 फीसदी था। 2060 तक यह आंकड़ा बढ़कर 69.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जो प्रति व्यक्ति 44,200 रुपये और जीडीपी का 2.5 फीसदी होगा। यह स्टडी बताती है कि मोटापा सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमशः 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व मोटापा महासंघ ने कहा कि भारत में दुनिया में मोटे व्यक्तियों का तीसरा सबसे बड़ा प्रतिशत है। किसी व्यक्ति को तब मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है जब उसका बीएमआई 27.5 से अधिक हो। पिछले 10 वर्षों में, भारत की मोटापे की दर लगभग तीन गुनी हो गई है, जिसका असर देश की शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी पर पड़ रहा है। मोटापे का वैश्विक संकट सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मोटापे की दर अधिक है, जो देश के तेज आर्थिक विस्तार और बदलती जीवन शैली मानकों के साथ मेल खाता है। भारत में 100 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। भारत में 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं पेट के मोटापे से ग्रस्त हैं। केरल (65.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (57.9 प्रतिशत), पंजाब (62.5 प्रतिशत) और दिल्ली (59 प्रतिशत) में यह दर बहुत ज्यादा है।

> नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे–5 के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में क्रमश: 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमश: 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था।

मध्य प्रदेश (24.9 प्रतिशत) और झारखंड (23.9 प्रतिशत) में यह दर कम है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में पहले से ही 14.4 मिलियन बच्चे मोटे हैं। भारत में बचपन में मोटापे के प्राथमिक कारणों में खराब आहार विकल्प, निष्क्रियता और एक गतिहीन जीवन शैली शामिल है। प्रोसेस्ड स्नैक्स और फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बच्चे उच्च कैलोरी, कम पोषक तत्व वाले आहार खा रहे हैं, जिससे वजन बढ़ता है और मोटापा होता है। बचपन में मोटापे के परिणाम व्यापक हैं और लंबे समय में बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मोटे बच्चों को टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और सांस लेने में कठिनाई जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होने का उच्च जोखिम होता है। इसके अतिरिक्त, उन्हें निराशा और खराब आत्मसम्मान सहित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव होने की अधिक संभावना है, जो उनके सामान्य स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। विडम्बना यह है कि देश मोटापे से होने वाली चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में 127 देशों में भारत का स्थान 105वां है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में इस साल भारत की रैंक में सुधार हुआ है। लेकिन भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले देशों में शामिल है। 2024 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 27.3 है जो भुखमरी के एक गंभीर स्तर को दर्शाता है।

रिपोर्ट में हाल के वर्षों में भारत में कुपोषण के प्रसार में मामूली वृद्धि का उल्लेख किया गया है। भारत की रैंकिंग अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से केवल ऊपर है। श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान पर भारत से काफी आगे हैं। भारत में कुपोषण की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है। यहां बहुतों को तो पेट भर खाना भी नहीं मिलता और जिनको मिल भी रहा है उनके भोजन में पोषण की भारी कमी है। इसका खामियाजा नन्हें बच्चों को उठाना पड़ रहा है। भारत को अभी भी बाल कुपोषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें विश्व स्तर पर बच्चों में दुबलापन (18.7 प्रतिशत) सबसे अधिक है। देश में बच्चों के बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 2.9 प्रतिशत और कुपोषण का प्रसार 13.7 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में भारत में पोषण की स्थिति गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 31.7 फीसदी बच्चे स्टंटिंग का शिकार हैं। मतलब की यह बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं।

यह रिपोर्ट ₹लेवल्स एंड ट्रेंड इन चाइल्ड मालन्यूट्रिशन 2023₹ संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और वर्ल्ड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई थी। बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा की गई इस रिसर्च के मुताबिक भारतीय किशोर, नीदरलैंड के समान आयु वर्ग के बच्चों की तुलना में 15.2 सेमी ठिगने हैं। इसी तरह यदि वेस्टिंग यानी ऊंचाई के लिहाज से वजन को देखें तो देश में भारत में पांच वर्ष या उससे कम आयु के 18.7 फीसदी बच्चों का वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से कम था। मतलब की 2020 में इस आयु वर्ग के देश के करीब 2.2 करोड़ बच्चे वेस्टिंग का शिकार थे। मोटापे की समस्या से निपटना बहुत मुश्किल काम नहीं है। जीवनशैली और खानपान में बदलाव के साथ नियमित व्यायाम इत्यादि से इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। यह समस्या व्यक्तिगत है, इसलिए देश के हर व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है कि वह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखे। ऐसा करने से व्यक्ति और उसके परिवार के साथ देश का भी नुकसान नहीं होगा। असल चुनौती तो कुपोषण और भुखमरी की भयावहता से निपटने की है। यह समस्या मोटापे की तरह व्यक्तिगत नहीं है। इसके लिए मौजूदा और पिछली केंद्र की सरकारों के साथ राज्यों की सरकारें भी जिम्मेदार हैं। इस समस्या से निपटने के लिए धन और भ्रष्टाचार रहित पारदर्शी नीति की आवश्यकता है। विशेषकर मोटापे से होने वाले आर्थिक नुकसान को रोक कर कुपोषण और भुखमरी जैसी अमानवीय समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। राजनीतिक दल जब तक अपने निहित क्षुद्र स्वार्थों को छोड़ कर ऐसे राष्ट्रीय मुद्दों पर एकराय नहीं होंगे तब तक इस तरह की समस्याएं देश की विडम्बनाओं को उजागर करने के साथ ही देश की तरक्की के कथित पैमानों को मुंह चिढ़ाती रहेंगी। **– योगेन्द्र योगी**

# मिशन 2025 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर आज भारत के नाम प्रतिष्ठा होल्ड और वर्चस्वता का आधार बढ़ता ही जा रहा है, जिसके दम पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक मुख्य पक्ष माना जाता है जो हम बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष के भारत के साथ बॉडी लैंग्वेज से समझ मेंआता है और हम प्रोत्साहित होकर विजन 2047, विजन नए भारत, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं परंतु जिस तरह हमने हाल के कुछ दिनों में बंगाल के मंत्री, जबलपुर के आरटीओ, एमपी के चपरासी के यहां करोड़ों रुपए, एमपी में पोषण घोटाला सहित अनेकों भ्रष्टाचार के तथाकथित मामले मीडिया के माध्यम से हमने पढ़े और देखें और ऐसे अनेक मामलों की रिसर्च करेंगे तो हमें पता चलेगा कि इस तरह के भ्रष्टाचार जारी रहे तो हम उपरोक्त विजनस को पूर्ण नहीं कर पाएंगे? इसलिए अब जरूरी हो गया है कि भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में कदम रखना अनिवार्य है। अब सीबीआई ईडी के साथ अन्य एजेंसियों को आय से अधिक संपत्ति रखने वालों का तेजी से पता लगाना होगा। सेवा क्षेत्र के हर चपरासी से लेकर बाबू और बड़े अधिकारियों तक की आर्थिक स्थिति की जांच तेजी से करनी होगी क्योंकि सरकारी क्षेत्र के लोगों के पास ही भ्रष्टाचार का कुबेर खजाना होगा तो अन्य निजी लोगों की बात ही क्या? हालांकि लाल किले से माननीय पीएम ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी और अब मिशन 2025 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार की करें तो, हमारे देश के लिए यह बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण विडंबना है कि युधिष्टिर, हरिश्चंद्र जैसे धर्मनिष्ठ शासकों व साधु-संतों की इस पावन धरती पर आज भ्रष्टाचार का विष फैला हुआ है। छोटे से छोटे कर्मचारियों से लेकर देश की सत्ता पर बैठे हमारे शीर्षस्थ भी आज भ्रष्टाचार में लिप्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार हमारी राष्ट्रीय समस्या है। ऐसे व्यक्ति जो अपने कर्तव्यों की अवहेलना कर निजी स्वार्थ में लिप्त रहते हैं भ्रष्टाचारी‖ कहलाते हैं। आज हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाहित हैं।

साथियों मनुष्य कितना भी कुछ हासिल कर ले परंतु उसकी और अधिक प्राप्त कर लेने की लालसा कभी समाप्त नहीं होती है।किसी वस्तु की आकांक्षा रखने पर यदि उसे वह वस्तु सहज रूप से प्राप्त नहीं होती है तब वह येन-केन प्रकारेण उसे हासिल करने के लिए उद्?यत हो जाता है। इस प्रकार की परिस्थितियाँ भ्रष्टाचार को जन्म देती हैं। किसी उच्च पद पर आसीन अधिकारी प्रायः गुणवत्ता की अनदेखी कर अपने समाज, परिवार अथवा संप्रदाय के लोगों को प्राथमिकता देता है तो उसका यह कृत्य भ्रष्टाचार का ही रूप है। भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति सदैव न्याय की अनदेखी करता है।

साथियों बात अगर आम भ्रष्टाचार की चुनौतियां और प्रारूप की करें तो, देश के सामने दो बड़ी चुनौतियां-पहली चुनौती - भ्रष्टाचार दूसरी चुनौती - भाई-भतीजावाद, परिवारवाद।भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है, उससे देश को लड़ना ही होगा। देश की कोशिश है कि जिन्होंने देश को लूटा है, उनको लौटाना भी पड़े देश इसकी कोशिश कर रहे हैं। देश में चारों ओर व्याप्त सांप्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण भ्रष्टाचार के प्रेरणा स्त्रोत हैं। भ्रष्टाचार के कारण ही कार्यालयों, दफ्तरों व अन्य कार्यक्षेत्रों में चोरबाजारी, रिश्वतखोरी आदि अनैतिक कृत्य पनपते हैं। दुकानों में मिलावटी सामान बेचना, धर्म का सहारा लेकर लोगों को पथभ्रमित करना तथा अपना स्वार्थ सिद्?ध करना, दोषी व अपराधी तत्वों को रिश्वत लेकर मुक्त कर देना अथवा रिश्वत के आधार पर विभागों में भरती होना आदि सभी भ्रष्टाचार के प्रारुप हैं।

साथियों बात अगर हम कुछ दिनों पूर्व महालेखाकार रिपोर्ट में खुलासा हुए एक घोटाले और आरटीओ के यहां रेड की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार 2018 से 2021 के बीच करीब 1.35 करोड़ महिलाओं को 2393 करोड़ का 4.05 मीट्रिक टेक होम राशन वितरित किया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि टेक होम राशन बड़ी मात्रा में सिर्फ कागजों में बांट दिया गया। साथ ही करीब 58 करोड़ का नकली पोषण आहार का उत्पादन किया गया।रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि राशन बनाने वाली 6 फर्मों से परिवहन के नाम बाइक, कार, ऑटो और टैंकर के नंबरों को ट्रक बताकर करीब 6.94 करोड़ का 1125.64 मीट्रिक टन राशन के परिवहन होना बताया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में उत्पादन और वितरण में घोटाला होना बताया जा रहा है। जबलपुर में ईओडब्लयू यानी इकॉनमिक ऑफिंस विंग ने एक आरटीओ अधिकारी के घर छापा मार आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि आरटीओ अधिकारी की संपत्ति उनकी आय से 650 गुना ज्यादा है। छापामारी में उनके 6 आलीशान मकानों का पता चला है। उनके पास एक डेढ़ एकड़ में फैला फार्म हाउस भी है।ईओडब्लयू की रेड के दौरान उनके घर से 16 लाख रुपये कैश मिलने की भी बात सामने आई थी।

साथियों बात अगर हम भारत के महाशक्ति बनने के आंकलन की करें तो, भारत के महाशक्ति बनने की सम्भावना का आंकलन अमरीका एवं चीन की तुलना से किया जा सकता है। महाशक्ति बनने की पहली कसौटी तकनीकी नेतृत्व है। दूसरी कसौटी श्रम के मूल्य की है। महाशक्ति बनने के लिये श्रम का मूल्य कम रहना चाहिये। तब ही देश उपभोक्ता वस्तुओंका सस्ता उत्पादन कर पाता है और दूसरे देशों में उसका उत्पाद प्रवेश पाता है। चीन और भारत इस कसौटी पर अव्वल बैठते हैं जबकि अमरीका पिछड़ रहा है। तीसरी कसौटी शासन के खुलेपन की है। वह देश आगे बढ़ता है जिसके नागरिक खुले वातावरण में उद्यम से जुड़े नये उपाय क्रियान्वित करने के लिए आजाद होते हैं। बेड़ियों में जकड़े हुये अथवा पुलिस की तीखी नजर के साये में शोध, व्यापार अथवा अध्ययन कम ही पनपते हैं। भारत और अमरीका में यह खुलापन उपलब्ध है। चौथी कसौटी भ्रष्टाचार की है। सरकार भ्रष्ट हो तो जनता की ऊर्जा भटक जाती है। देश की पूंजी का रिसाव हो जाता है।भ्रष्टअधिकारी और नेता धन को स्विट्जरलैण्ड भेज देते हैं। ट्रान्सपेरेन्सी इंटरनेशनल'द्वारा बनाई गयी रैंकिंग में अमरीका को १९वें स्थान पर रखा गया है जबकि चीन को ७९वें तथा भारत को ८४वां स्थान दिया गया है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के समाधान की करें तो, भ्रष्टाचार के समाधान के लिए आवश्यक है कि भ्रष्टाचार संबंधी नियम और भी सख्त हों तथा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ।इसके लिए सख्त और चुस्त प्रशासन अनिवार्य है । इस समस्या के निदान के लिए केवल सरकार ही उत्तरदायी नहीं है, इसके लिए सभी धार्मिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को एकजुट होना होगा ।सभी को संयुक्त रूप से इसे प्रोत्साहन देने वाले तत्वों का विरोध करना होगा।

साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2022 को माननीय पीएम के लाल किले से भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार की करें तो उन्होंने कहा था,कई लोग तो इतनी बेशर्मी तक चले जाते हैं कि कोर्ट में सजा हो चुकी हो, भ्रष?टाचारी सिद्ध हो चुका हो, जेल जाना तय हो चुका हो, जेल गुजार रहे हो, उसके बावजूद भी उनका महिमामंडन करने में लगे रहते हैं, उनकी शान-ओ-शौकत में लगे रहते हैं, उनकी प्रतिष?ठा बनाने में लगे रहते हैं। अगर जब तक समाज में गंदगी के प्रति नफरत नहीं होती है, स?चछता की चेतना जगती नहीं है। जब तक भ्रष?टाचार और भ्रष?टाचारी के प्रति नफरत का भाव पैदा नहीं होता है, सामाजिक रूप से उसको नीचा देखने के लिए मजबूर नहीं करते, तब तक यह मानसिकता खत?म होने वाली नहीं है,और इसलिए भ्रष?टाचार के प्रति भी और भ्रष?टाचारियों के प्रति भी हमें बहुत जागरूक होने की जरूरत है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मिशन 2025 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है।भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णय कालखंड में कदम रखना जरूरी हो गया है।भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी के प्रति नफरत सामाजिक बहिष्कार रंगे हाथ पकड़ने की मानसिकता के लिए हर नागरिक को जागरूक होना जरूरी है।

# बीएसए कॉलेज के बीएड एवं एमएड छात्र-छात्राओं का फतेहपुर सीकरी शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बी.एड एवं एम.एड विभाग के छात्र छात्राओं को ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी देने और उनकी शैक्षणिक क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने फतेहपुर सीकरी का भ्रमण कर मुगलकालीन वास्तुकला, इतिहास और भारतीय संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कॉलेज प्रांगण से शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर की गई।

फतेहपुर सीकरी पहुँचने पर छात्राओं ने अकबर के शासनकाल में निर्मित इस ऐतिहासिक किले का बारीकी से अवलोकन किया। बुलंद दरवाजा, दीवान-ए-खास, दीवान-ए-आम, पंच महल, जोधाबाई महल और शेख सलीम चिश्ती की दरगाह जैसे प्रसिद्ध स्थलों को देखकर छात्राओं ने इतिहास के गौरवशाली पन्नों को साक्षात अनुभव किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे भारत के समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने अपने सवालों के माध्यम से इतिहास के विविध पहलुओं को समझने की कोशिश की, जिस पर विशेषज्ञ शिक्षकों ने विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि फतेहपुर सीकरी भारतीय इतिहास की अनमोल धरोहर है, जिसे देखकर छात्राओं ने न केवल इतिहास के प्रति अपनी रुचि बढ़ाई बल्कि भारतीय स्थापत्य कला के अद्भुत स्वरूप को भी नजदीक से जाना।

छात्राओं ने इस शैक्षणिक यात्रा को अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह अनुभव उनके अध्ययन और शिक्षण क्षमता को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस दौरान महाविद्यालय के कई सम्मानित प्रोफेसरगण भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. एस.के. राय, डॉ. रेखा राय, डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ सुनीता शर्मा डॉ. एस.एस. सिंह, डॉ. बृजेश बंसल, डॉ नीलम शर्मा, डॉ. अनिल कुमार भाटी, डॉ. पंकज कुमार और नीतू शर्मा शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक गंभीर अवस्था रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने निकट के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सूचना दी, परिजन बिना कानूनी कार्रवाई किए घायल को अपने साथ ले गए। जनपद बागपत के गांव लुहारी निवासी रहबर अहमद बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र में आया हुआ था। बाइक सवार अपना कार्य निपटाकर वापस अपने गांव जा रहा था जैसे ही वह क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के निकट पहुंचा तो मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन चालक हादसे को अंजाम देकर घायल को मोकै पर छोड़कर फरार हो गया।

# बिना लाइसेंस कुत्ता, बिल्ली पालने वालों पर लगेगा भारी जुर्माना

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** यदि आप सुबह या शाम को अपना कुत्ता घुमाने निकले हैं और आपके पास नगर निगम का लाइसेंस नहीं है तो सावधान हो जाइए, आप पर भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है, और न देने पर आपका कुत्ता भी जब्त किया जा सकता है। कुत्ता, बिल्ली व खरगोश पालने वाले लोगों को चिह्नित करने के लिए नगर निगम द्वारा कल ब्रहस्पतिवार से डोर टू डोर अभियान चलाया जायेगा।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार पालतू कुत्तों, बिल्ली व खरगोश आदि का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम की एक विशेष टीम गठित कर इसके लिए कल ब्रहस्पतिवार से एक अभियान शुरू किया जा रहा है। जो लोग बिना नगर निगम लाइसेंस के कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पाल रहे हैं उन पर भारी जुमार्ना लगाया जायेगा। जुमार्ना न देने की स्थिति में कुत्ते, बिल्ली व खरगोश को जब्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सड़क पर पालतू कुत्ते लेकर निकले लोगों को रोककर भी लाइसेंस की जांच की जायेगी। लाइसेंस न होने पर मौके पर ही भारी जुमार्ना लगाया जायेगा।

पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने नगर निगम सहारनपुर सीमा अंतर्गत कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पशुओं को पालने वाले लोगों से अपील की है कि वे नगर निगम परिसर में पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक पहुंचकर पांच सौ रुपये निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपने पालतू कुत्ते का रजिस्ट्रेशन तथा 200 रुपये जमा कराकर बिल्ली व खरगोश का रजिस्ट्रेशन कराकर लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुत्ते, बिल्ली व खरगोश आदि के रजिस्ट्रेशन के लिए पशु पालक को अपने आधार कार्ड की छायाप्रति व पशु के एंटी रेबीज वैक्सिनेशन सार्टिफिकेट की छायाप्रति भी साथ में जमा करनी होगी।

# पुलिस अधीक्षक ने महाकुम्भ मेला 2025 प्रयागराज से जल लाकर आम जनमानस को वितरित किया गया



**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन में महाकुम्भ मेला प्रयागराज के सफल आयोजन के उपरान्त महाकुम्भ न पहुँच पाने वाले आम जनमानस को संगम का जल फायर टैंकर में लाये गये पवित्र जल को आम जनमानस को वितरण किया गया। पुलिस लाइन जनपद संतकबीरनगर में अग्निशमन तथा आपात सेवा जनपद संतकबीरनगर के फायर टैंकर लाकर वितरित किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह, प्रभारी यातायात परमहंस सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मथुरा रेडियो पर डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 07 मार्च को



**वृन्दावन।** ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार व पत्रकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 07 मार्च 2025 को किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र सारस्वत ने बताया है कि ₹विश्वप्रसिद्ध बरसाना की लट्ठमार होली की परम्परा और महत्व₹ विषय पर युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण केंद्र से ₹वनिता लोक₹ कार्यक्रम के अंतर्गत 07 मार्च 2025 को दोपहर 01:15 बजे किया जाएगा। यह प्रसारण 10 मिनट का होगा। जिसे आप सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

## कलयुगी पुत्र पर मारपीट करने का आरोप लगाई सुरक्षा की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र पर उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी रामबीर ने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र आए दिन अपनी माता के साथ मारपीट करता है। आरोप है कि जब कोई भी पड़ोसी बीच बचाव करने या छुड़ाने के लिए आता है तो उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करता है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पुत्र पति-पत्नी की हत्या भी कर सकता है।

## एम्स के किडनी रोग विशेषज्ञ के साथ मथुरा में किडनी स्वास्थ्य की नई शुरूआत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** कृष्णा नगर स्थित अग्रवाल न्यूरो हेल्थ केयर में पहले नेफ्रो केयर क्लिनिक का विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मथुरा में अब किडनी के मरीजों को इलाज के लिए आगरा और दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं होगी। एम्स के किडनी विशेषज्ञ डॉ. रोहित पुरी की देखरेख में मथुरा में ही किडनी रोगियों का इलाज संभव हो पाएगा। इसके साथ ही, गरीब और जरूरतमंद लोगों को विशेष छूट के साथ सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उन्हें भी इलाज मिल सके। इस उद्घाटन समारोह में डॉ. प्रिंस अग्रवाल, डॉ शैली चौधरी, नरेंद्र कुमार, शुभम गुप्ता, निखिल गुप्ता धर्मेंद्र कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का सफल आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा श्री श्यामसुन्दर रूग्गीमल मीनालाल बजाज धर्मशाला (रजि0) परिवार के सौजन्य से निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन पुराना डींग अड्डा, गोवर्धन रोड, मथुरा स्थित धर्मशाला परिसर में किया गया।

शिविर में 8 ट्राईसाइकिल, 8 बैसाखी, 2 कृत्रिम पैर, 3 व्हीलचेयर समेत विभिन्न सहायक उपकरण जरूरतमंद दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजन अब अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे और अपने दैनिक जीवन में गतिशीलता प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे और उन्होंने इस सेवा कार्य के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार अग्रवाल (इनवर्टर वालों) द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कल्याणं करोति की सेवाओं की सराहना की और कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

कल्याणं करोति, मथुरा विगत चार दशकों से नेत्रहीनों, दिव्यांगों और समाज के कमजोर वर्गों की सेवा में संलग्न है। संस्था निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, कृत्रिम अंग निर्माण, श्रवण बाधितों के लिए उपकरण वितरण एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके। उपस्थित जनसमुदाय ने इस प्रयास की सराहना की और अधिक से अधिक लोगों तक इस सेवा का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर गजानन्द अग्रवाल (साड़ी वाले), संस्था महासचिव सुनील कुमार शर्मा, हिर्देष शर्मा, नरायण हरि अग्रवाल, चतुभुज अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, राजन अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी करनावल पहुंचकर पीड़ित बहनों की शादी में करेंगे आर्थिक सहयोग : भगवान सिंह वर्मा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** करनावल में शादी के दिन दलित बहनों के साथ हुए अत्याचार के मामले में कांग्रेस पार्टी ने उनकी 7 मार्च को होने वाली शादी में आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया है। आर्थिक सहयोग करने के लिए पार्टी हाई कमान के द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष सांसद तनुज पूनिया को करनावल भेजा जा रहा रहा है। वह 7 मार्च को ही गांव करनाबल पहुंचेंगे और अत्याचार की शिकार हुई दलित बहनों की शादी के लिए आर्थिक सहयोग देंगे।

कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि उन्होंने करनाबल पीड़ित दलित बहनों के मामले में पार्टी हाई कमान को अवगत कराया था। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा बाराबंकी के सांसद अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पूनिया से कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पहुंचकर मुलाकात कर दलित पीड़िता बहनों के साथ हुए अत्याचार की पूरी पूरी जानकारी दी। इसके बाद में पार्टी हाईकमान ने अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पूनिया को करनावल भेजे जाने का निर्णय लिया है। 7 मार्च को कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया करनावल पहुंचेंगे और जातीय अत्याचार की शिकार हुई दोनों दलित बहनों से मुलाकात करेंगे उनके द्वारा 7 मार्च को दलित बहनों की शादी के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि पार्टी पूरी ताकत के साथ करनावल की दलित पीड़ित बहनों के साथ खड़ी है और उनकी शादी में तन मन धन से सहयोग करेगी।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी की जानकारी में आने के बाद पार्टी ने दोनों दलित बहनों की शादी में आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया है। जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी तथा अन्य संभ्रांतजन भी करनावल पहुंचेंगे और दलित बहनों के शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा तनुज पुनिया के साथ मिलने के दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत मौजूद थे।

## सुन्ना हत्याकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में दस दिन पूर्व बच्चों के मामूली विवाद में पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में गत 24 फरवरी को गांव सुन्ना निवासी अफसरून एवं आशु के बच्चों में मारपीट हो गई थी। बच्चों के मामूली विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे मारपीट के दौरान अफसरून की मौके पर ही मौत हो गई थी मृतक के भाई साजिद ने आशू, जावेद, ताजुद्दीन व महिला अफसाना के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आशू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने फरार आरोपी जावेद को गांव भभीसा की भगत सिंह मूर्ति के निकट से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# खत्री सभा ने सीएम के नाम डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया/राजेश कोछड़**



**मोगा।** खत्री महासभा पंजाब प्रदेश हाईकमान अशोक थापर, राष्ट्रीय अध्यक्ष शहीद सुखदेव थापर मेमोरियल ट्रस्ट लुधियाना तथा प्रदेश अध्यक्ष विजय धीर एडवोकेट के दिशा निर्देशों पर खत्री महासभा से संबंधित पंजाब भर की स्थानीय इकाइयां आज अपने-अपने स्थानों पर डिप्टी कमिश्नरों तथा उपमंडल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग कर रही हैं कि लुधियाना के चौड़ा बाजार से लुधियाना के नौघरा मोहल्ला स्थित शहीदे आजम सरदार भगत सिंह राजगुरु के तीसरे साथी सुखदेव थापर की जन्मस्थली तक सीधी सड़क बनाने का कार्य शहीदी दिवस के दिन 23 मार्च को शुरू किया जाए।

इस संदर्भ में आज यहां खत्री सभा, महिला खत्री सभा एवं युवा खत्री सभा द्वारा महासभा के जिला अध्यक्ष नरोत्तम पुरी एवं खत्री सभा मोगा के अध्यक्ष डॉ. एमएल जैदका, महिला खत्री की कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व प्रिंसिपल सुमन मल्होत्रा, महासचिव सोनिया ढंड एवं युवा खत्री के चेयरमैन जगजीव धीर, अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सहगल एवं सहगल के नेतृत्व में तहसीलदार लखविंदर सिंह के माध्यम से डिप्टी कमिश्नर सागर सेतिया को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर खत्री महासभा पंजाब प्रदेश अध्यक्ष विजय धीर एडवोकेट, प्रदेश मुख्य संरक्षक बोधराज मजीठिया एडवोकेट, पूर्व मंत्री डॉ. मालती थापर, डॉ पवन थापर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक बेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व तहसीलदार जसवंत दानी तथा प्रदेश कार्यालय सचिव बलजिंदर सिंह सहगल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरोत्तम पुरी और खत्री सभा मोगा के अध्यक्ष डॉ. एम एल जैदका ने बताया कि चौड़ा बाजार लुधियाना से पीएनबी वाली गली से अमर शहीद सुखदेव थापर की जन्मस्थली तक सीधा कॉरिडोर बनाने के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और पंजाब सरकार को अधिग्रहित भूमि के मालिकों को मुआवजा देना है। पुरी व जैदका ने कहा कि क्षत्रिय महासभा पंजाब की मांग है कि पंजाब सरकार तुरंत यह मुआवजा दे तथा इस सीधी सड़क के निर्माण का नींव पत्थर आगामी 23 मार्च शहीदी दिवस पर स्वयं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अपने कर कमलों से रखें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विजय धीर एडवोकेट ने कहा कि आज पूरे पंजाब में खत्री महासभा पंजाब से संबंधित स्थानीय इकाइयां अपने-अपने स्थानों पर डिप्टी कमिश्नरों, उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को पंजाब के मुख्यमंत्री के नाम उक्त मांग संबंधी ज्ञापन सौंप रही हैं। आज ज्ञापन सौंपने वालों में अन्य के अलावा पूर्व मंत्री डॉ. मालती थापर, डॉ. पवन थापर, विजय धीर एडवोकेट, बलजिंदर सिंह सहगल, बोधराज मजीठिया एडवोकेट, दीपक बेदी, जसवंत दानी, नरोत्तम पुरी, डॉ. एम एल जैदका, निशी राकेश विज, सुमन कांत विज, संजीव कौड़ा लड्डू आरे वाला, प्रदीप भंडारी, भजन प्रकाश वर्मा, संजीव कौड़ा जीएसटी, महिला खत्री सभा की कार्यकारी अध्यक्ष सुमन मल्होत्रा व महासचिव सोनिया ढंड युवा खत्री सभा के चेयरमैन जगजीव धीर व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सहगल, विक्रम ढंड, करतार सिंह सोढ़ी, ब्रांड एंबेसडर राकेश सितारा, राकेश वर्मा, प्रभ पलटा, सुभाष उप्पल, रमन गांधी रूबी, सुरिंदर पुरी माणूके, राजिंदर कोहली, सुधीर कोहली, अमीश भंडारी, अजय सच्चर, डॉ. जसवीर सिंह शामिल हैं। सहगल, पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर एसके चोपड़ा, विकास चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण कृपा धाम में ठाकुर कृपा बिहारी महाराज का दो द्विवसीय वार्षिक पाटोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में ठाकुर कृपा बिहारी महाराज का द्विदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संतों व भक्तों के द्वारा ठाकुर कृपा बिहारी सरकार का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से अभिषेक कर उनका अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही उन्हें नवीन पोशाक धारण कराई गई। तत्पश्चात गीता पाठ और सत्संग आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ का जन्म भगवान श्रीकृष्ण के मुख से हुआ है। इसमें जीवन की प्रत्येक समस्या का उचित समाधान है। आज के भौतिक व यात्रिक युग में यदि हम लोग इस ग्रंथ को अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारे देश व समाज की अनेक बुराइयों की समाप्ति हो सकती है।

हमारी भारत सरकार से यह मांग है कि श्रीमद्भगवद्गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करे। साथ ही इस ग्रंथ को समूचे देश के विभिन्न विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। जिससे नई पीढ़ी संस्कारवान बन सके। इस अवसर पर पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन एम.पी. मिश्रा, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, संत शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी, वासुदेव शरण महाराज, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, प्रख्यात भजन गायक चन्दन महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय एनएसएस इकाई का विशेष शिविर शुरू

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय गोवर्धन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कस्बा गोवर्धन में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभांरभ लक्ष्य गीत के साथ धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमती मधु शर्मा, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने बालक बालिकाओं को शुभकामनाएं देकर लक्ष्य गीत के साथ महाविद्यालय से रवाना किया। सतीश शर्मा ने आगुंतकों का पटुका पहनाकर स्वागत किया। मथुरा गोवर्धन के खण्ड शिक्षा अधिकारी बुद्धसेन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर एनएसएस जन जागरूकता रैली की शुरूआत कराई। निकाली गयी एनएसएस रैली की परिक्रमार्थियों और गोवर्धन वासियों ने खूब प्रशंसा की और फूल वर्षाकर स्वागत किया। एनएसएस रैली कस्बा गोवर्धन के सौंख अड्डा, दानघाटी मंदिर, बड़ा बाजार, हाथी दरवाजा, चकलेश्वर मार्ग, दसविसा, बिजलीघर तिराहा और बस स्टैंड पर आकर राष्ट्रीय गान के साथ पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में संपन्न हुई। रैली में सेवा हमारी समाज तुम्हारा, एनएसएस है अधिकार हमारा, बेटी नही बचाओंगे तो बहु कहां से लाओगे, हम सबने ठाना है भारत स्वच्छ बनाना है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,

एक वृक्ष दस पुत्र समान, क्लीन गोवर्धन ग्रीन गोवर्धन आदि के नारे रैली में लगाये। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने बताया कि एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान जन जागरूकता, वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा, रक्तदान, एंव नुक्कड़ नाटक, व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा स्थानीय लोगों में जागरूकता लायी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज गोवर्धन यशपाल सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट गोवर्धन के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार बौद्ध, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ आगरा मंडल के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दुबे, टीकम सिंह राजावत, विष्णु कांत शर्मा, भानु अग्रवाल, जे.पी सिंह, के.पी सिंह, पवन कुमार, राजेश शर्मा, दिनेश कौशिक, बालकृष्ण सैनी, चंद्रशेखर जोशी, ठाकुर प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, उमा जोशी, प्रियंका तिवारी, अर्चना माथुर, अनुराधा मिश्रा, बुलबुल कौशिक, नीलम आदि उपस्थित थे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने मीट विक्रेताओं के लाइसेंस और रेट लिस्ट की तलब

**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत दढ़ियाल में मीट विक्रेता मनमानी कर रहे हैं।रमजान माह में अधिक मूल्य पर मांस की बिक्री की जा रही है।नगर पंचायत अध्यक्ष ने इनकी मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए ईओ से रेट लिस्ट और लाइसेंस तलब किए हैं। रमजान का पवित्र माह चल रहा है जिसके चलते मीट की बिकी बढ़ जाती है। उक्त का फायदा उठाने के लिये नगर पंचायत दढ़ियाल के सीमा क्षेत्र में मीट विक्रेताओं द्वारा मीट की बिक्री उचित दर से अधिक मूल्य पर की जा रही है। जिस कारण रमजान के पवित्र माह में लोगों को मीट क्रय करने के लिये आवश्यकता से अधिक मूल्य देना पड़ रहा है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने ईओ को मीट विक्रेताओं के द्वारा विक्रय किये जा रहे मीट की रेट लिस्ट व मीट लाईसेन्स के दस्तावेजों की प्रति तलब की है।

# शराब पार्टी के दौरान हुई गाली-गलौज दोस्त की गला दबाकर की हत्या

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर के जंगल में ईंख के खेत में मिले चालीस वर्षीय व्यक्ति की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर एक हत्या आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड में शामिल दूसरे फरार आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर के जंगल में गत दिवस रविवार को गांव निवासी कमल मलिक ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके गन्ने के खेत में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया था। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर शव का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए थे।शव की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था और पहचान के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। वायरल फोटो होने पर मृतक की पहचान थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव सिलवर निवासी 40 वर्ष से व्यक्ति कुलदीप पुत्र सुरेंद्र के रूप में हुई थी। मृतक के भाई राजीव ने थाने पर अज्ञात में अभियोग दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए गांव मखमूलपुर निवासी हत्या आरोपी अभय मलिक को गिरफ्तार किया पकड़े गए हत्या आरोपी ने बताया कि वह दोनों दोस्त थे और कंडेला फैक्ट्री में कार्य करते हैं। शनिवार की शाम को दोनों शराब पीने के बहाने उसके खेत पर आए थे और गाली गलौज होने के बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई और उसने कुलदीप की गला दबाकर हत्या कर दी थी और घटनाक्रम की जानकारी अपने भाई कमल को भी दी थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशकार जेल भेज दिया पुलिस पर आरोपी कमल मलिक की तलाश में जुटी हुई है।

## पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया पांचवा दिवस



**बिजनौर।** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का पांचवा दिन पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने पर्यावरण के अनुकूल और प्रतिकूल होने के कारण उनके व निवारण पर विस्तार से चर्चा की। पर्यावरण हमें चारों ओर से ढके हुए या घेरे हुए हैं जो हमें दिखाई ना देते हुए भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सर्वजीत सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण को संतुलित करने के लिए वृक्षारोपण कराया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए अपने स्तर पर योगदान दे।सरकार, गैर सरकारी संगठन, और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ लक्ष्य कुमार, डॉक्टर सूर्य प्रताप, रूबी शर्मा, सौरभ वर्मा, सना परवीन, गीतांशु चौधरी, रिहान अनवर, गजेंद्र कुमार मोनू, हर्षिका चन्द्रा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक/सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

# नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की 244 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** बुधवार दिनांक 05 मार्च 2025 को उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (ठफटव) की दो दिवसीय 244 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का शुभारम्भ मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वार्ता तंत्र के आयोजन का उद्देश्य प्रशासन एवं यूनियन के आपसी सामंजस्य एवं सहभागिता के द्वारा पारदर्शिता के साथ प्रशासनिक एवं कर्मचारी मुददों के त्वरित समाधान की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना एवं उचित समय पर इनका निस्तारण करना है। नियमित तौर पर आयोजित की जाने वाली इस बैठक द्वारा यूनियन तथा प्रशासन के तालमेल से प्रशासनिक कार्यो को सुगमतापूर्वक तथा सरलता के साथ निर्धारित समय पर संपन्न किया जाता है एवं कर्मचारी कल्याण की दिशा में भी यह वार्ता तंत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

आज आयोजित होने वाली इस बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य में की जानेवाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णयों एवं उठाये गए कदमों से भी यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

इस बैठक में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के कर्मचारी हित एवं कल्याण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने की अपेक्षा की, इस वार्ता में लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनो पर कोडल लाइफ पूर्ण कर चुके रेल आवासों को निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने एवं इनके आवंटियों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराये जाने एवं मण्डल के समपारों पर शुद्ध पेयजल आपूर्ति व नियमित विद्युत आपूर्ति एवं दिव्यांग कर्मचारियों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने के संबंधी जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक द्विपक्षीय वार्ता की गई।

# एसएसबी ने दो सांप तस्करों को पकड़ा



वेलकम इण्डिया

**बजहां/सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी ने बड़ी कार्रवाई की है। सीमा चौकी बजहा की गस्ती पार्टी ने सीमा स्तंभ 552/1 के पास गौरा बाजार से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो अजगर और दो दोमुंहे सांप बरामद हुए हैं।

गस्ती दल को सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र से दुर्लभ सांपों की तस्करी की जा रही है। टीम ने गौरा बाजार के पास दो संदिग्धों को देखा, जो सिर पर चादर में कुछ सामान लपेटकर ले जा रहे थे। जांच में उनके पास से चार सांप रखने की टोकरी मिली। इसमें दो अजगर और दो दोमुंहे सांप थे। साथ ही सांप पकड़ने का रेशमी धागे से बना बांस का जाल भी बरामद हुआ।पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओडिशा के क्योंझर जिले के रहने वाले बीर सिंह टुडू (32) और सामाई मुर्मू (21) के रूप में हुई है। एसएसबी ने कार्रवाई के बाद दोनों तस्करों और बरामद सांपों को वन विभाग कार्यालय नौगढ़ रेंज, सिद्धार्थनगर को सौंप दिया है।

## प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्राईवेट संचालित अस्पतालों का किया जांच



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर क्षेत्र के अल्बा हॉस्पिटल युसूफपुर एवं विद्या हॉस्पिटल बर्डपुर का बुधवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी नौगढ़ अनूप कुमार जायसवाल एवं नायब तहसीलदार सदर विजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटलों में कई अनियमितता पायी गयीं और अल्ट्रासाउण्ड भी देखा गया जो लीगल नहीं था। नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों अस्पतालों में जांच के दौरान पायीं गई अनियमितता की रिपोर्ट उच्चधिकारियों को सौंपा जायेगा।

# समाजवादी पार्टी पीडीए जन संवाद यात्रा बुंदेलखंड के अंतिम चरण की रूप रेखा तय

वेलकम इंडिया



**झांसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रदेश सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए जन-संवाद यात्रा बुंदेलखंड के अंतिम चरण में जनपद झांसी की सदर विधानसभा मऊरानीपुर, बबीना, गरौठा चारों विधान सभाओं में कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा ग्वालियर रोड स्थित निवास पर संपन्न हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पीडीए जन-संवाद यात्रा से काफी लोग जुड़ हो रहे हैं जिसका निष्कर्ष निश्चित ही आगामी 2027 के चुनाव में देखने को मिलेगा।

समाजवादी पीडीए जन-संवाद यात्रा बुंदेलखंड के अंतिम चरण की रुप रेखा सुनिश्चित करते हुए यात्रा प्रभारी प्रदेश सचिव पूर्व जिलाध्यक्ष महेश कश्यप ने बताया कि 8 मार्च को मऊरानीपुर 9 मार्च को गुरसराय और एरच 10 मार्च को बरुआसागर, चिरगांव, लकारा, अंबाबाय और 11 मार्च को रक्सा, राजापुर बमेर बैदौरा से होते हुए आरा मशीन और बबीना भ्रमण करेगे। 12 मार्च को यात्रा का समापन के पश्चात विशाल जनसभा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के मुख्यातिथि सिद्धी विनायक मैरिज हाल बबीना में संपन्न होगी।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश पटेल, वरिष्ठ नेता सीताराम कुशवाहा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मिर्जा करामत बेग, अरविंद वशिष्ठ, के के सिंह यादव, चांद राईन, प्रदीप कुशवाहा, आरिफ खान, अनस मकरानी, राजकुमार अहिरवार, अर्जुन सिंह यादव, बलराम, सचिन, पूर्व इडऊ अध्यक्ष नरेन्द्र झा, अमजद, अजय रायकवार, अभय रायकवार, संदीप कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, रीतेश नहार, सोनू रायकवार, विनोद सहित अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजा अल्लाह की रजा हासिल करने का जरिया है: जाहिद टांडवी

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** शायर व अदीब हाफिज जाहिद टाण्डवी ने रोजे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रोजा अल्लाह की मुहब्बत और रजा हासिल करने का जरिया है।

हदीस कुदसी है, जिसमें अल्लाह तआला फरमाता है कि रोजा मेरे लिए है और मैं खुद इसका बदला दूंगा।वह बुधवार को वेलकम इंडिया से खुसूसी गुफ्तगू कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक हदीस में आया है कि रोजे का सवाब इतना बड़ा और खास है कि अल्लाह खुद अपने बंदे को इसका अज्र देगा। रोजा सिर्फ खाना-पीना छोड़ने का नाम नहीं, बल्कि यह तकवा और अल्लाह की रजा हासिल करने का जरिया है।रोजा (गुनाहों और जहन्नम से) एक ढाल है।

कुरआन में अल्लाह तआला ने फरमाया ऐ ईमान वालों ! तुम पर रोजे फर्ज.किए गए, जैसे तुमसे पहले वालों पर किए गए थे, ताकि तुम तकवा हासिल करो। रोजेदार को चाहिए कि वह फहशगोई और गालीगलौज न करे, क्योंकि रोजा सिर्फ.भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी जबान, नजर, और तमाम हरकतों को भी गलत कामों से बचाने का नाम है।

रसूलुल्लाह ने फरमाया !उस जात की कसम, जिसके कब्जे में मुहम्मद की जान है ! रोजेदार के मुँह की बदबू अल्लाह के नजदीक मुश्क की खुशबू से भी ज्यादा प्यारी है।रोजा सिर्फ.भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि यह अल्लाह की इबादत, नफ्स पर काबू, सब्र, गरीबों का एहसास, गुनाहों की माफी और जन्नत की तलब का बेहतरीन जरिया है। इसलिए हमें पूरे शौक और ईमान के साथ रोजे रखने चाहिएं।

तीन लोगों की दुआ कभी नहीं लौटाई जाती। इफ्तार के वक्त रोजेदार की, आदिल हाकिम की और मजलूम की।रोजा और कुरआन कयामत के दिन अल्लाह से बंदे की सिफारिश करते हुए कहेंगे कि यह बंदा दिनभर भूखा-प्यासा रहा और रात को नमाज पढ़ता रहा, इसलिए ए अल्लाह इसे बख़्श दे।रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जन्नत में एक दरवाजा है जिसे रैय्यान कहा जाता है। कयामत के दिन सिर्फ रोजेदार ही उससे दाखिल होंगे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के दृष्टिगत प्रतिष्ठितजनों के साथ की बैठक

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने पुलिस लाइन के टीन शेड सभागार में विभिन्न त्योहारों होली, ईद, नवरात्रि आदि के दृष्टिगत समाज के प्रतिष्ठितजनों व धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाये रखे और त्योहारों को हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से मनायें। हमारे देश में जितने पर्व मनाये जाते है उतने पर्व पूरी दुनिया में कहीं नहीं मनाया जाता है, हर एक त्योहार में कोई न कोई एकता और सामाजिक संदेश छिपा होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार मनाये दूसरो की भावनाओं को भी ध्यान में रखें, अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने की अशंका होने पर त्वरित जिला प्रशासन को सूचित करें। होलिका दहन एवं ईदगाह के स्थल की व्यवस्थाओं को देख लिया जाये यदि किसी प्रकार की समस्या है तो समय रहते अवगत करा दिया जाये जिससे समस्या का समाधान हो सके। उन्होने धर्मगुरूओं और समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने हेतु अपील करें। त्योहार के दृष्टिगत कोई नई परम्परा को लागू न किया जाये। होली में रंग लगाने के दौरान व्यक्तियों की धार्मिक मान्यता और इच्छाओं का भी ध्यान रखें।

पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा है कि अपने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये त्योहारों के दिन अनावश्यक रूप से गाड़ियॉ न दें, बच्चों को नशीलें पदार्थो से दूर रखे जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। त्योहार के अवसर पर माहौल को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्योहारों के दौरान यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो पुलिस एवं प्रशासन को अवगत कराया जाये। बैठक में धर्मगुरूओ एवं सम्भ्रान्त नागरिकों त्योहारों को लेकर समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित पीस कमेटी के पदाधिकारी एवं अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# धामपुर चीनी मिल ने किया देवता महाविद्यालय मोरना में एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया




**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल लिमिटेड धामपुर द्वारा देवता महाविद्यालय मोरना में एक साल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को गन्ना प्रजाति को 0238 के स्थान पर नहीं करना प्रजातियो जैसे को 0118, को 15023, कोशा 13235, 17231, 18231, कोलख 14201, कोलख 16202 आदि की बुवाई, गन्ना बीज शोधन भूमि शोधन, उर्वरक, पेडी प्रबंधन, कृषि यंत्रों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक करना ओमवीर सिंह ने किया।

संयुक्त प्रबंध निर्देशक ईशान गोयल ने सभी किसानों को अपने परिवार का सदस्य बताया व किसानों को संदेश दिया कि इस संकट के समय में धामपुर चीनी मिल आपके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ी है। आप सभी खुशहाल होंगे तो चीनी मिल खुशहाल होगी इसके लिए सभी किसान भाइयों का पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह ने किसानों को प्रजातीय बदलाव का संदेश दिया व किसानों से आग्रह किया कि अपने खेत में कम से कम तीन प्रजातियों को अवश्य लगाये तथा गाना विभाग व चीनी मिल द्वारा प्रस्तावित योजनाओ का सभी किसान अवश्य लाभ उठाएं। निष्काम गुप्ता उपाध्यक्ष धामपुर मिल ने कृषकों से आग्रह किया कि सभी किसान पेडी प्रबंधन अवश्य करें। जिससे पेडी गन्ना की भी पैदावार अधिक होगी। रामवीर सिंह सभापति गन्ना समिति धामपुर ने क्षेत्र से आई सभी किसानों देवता महाविद्यालय के स्टाफ में से भगत करने वाली सभी कंपनियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, सचिव गन्ना समिति धामपुर मनोज कौन्ट, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे, देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ पी शर्मा, कृषि वैज्ञानिक डॉ शिवांगी, गन्ना पर्यवेक्षक डॉ ओम प्रकाश सिंह, करुण अग्रवाल, मनोज चौहान, आजेंद्र सिंह, लाल बहादुर सिंह, दिनेश राजपूत, विनय शर्मा, राजेश यादव, मेघा अधिकारी, ब्रह्मपाल सिंह, विजयपाल सिंह, योगेश कुमार सहित मिल का स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी ने ली जिला गंगा समिति की बैठक

वेलकम इण्डिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) की बैठक हुई। डीएम में गंगा की सहायक नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिए। गंगा की सहायक नदियों और उनमें गिरने वाले नालों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। तथा यह सुनिश्चित किया गया कि नदियों में कोई कचरा या गंदगी न जाए।

जिलाधिकारी ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समस्त नगर निकायों में डोर टू डोर कूड़े कलेक्शन को नियमित रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया। कचरे को सैगरिगेट कर उसका उचित निस्तारण करने और आम जनता को गीले और सूखे कचरे के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। नदी के आस-पास के गांवों में प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रत्येक महीने किसानों के साथ गोष्ठी व कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा की सहायक नदियों की स्वच्छता और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज किए जाएं। निरन्तर नगर निकायों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए।

प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए किसानों के साथ बैठक कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, ईई जल निगम वीके रवि,ईई सिंचाई केके जोशी,मुख्य कृषि अधिकारी राजेन्द्र सिंह उप्रेती सहित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम की शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ शहर

**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी बुधवार को श्री खाटू श्याम सेवा समिति हाथरस द्वारा निकाली गई 18वीं श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की भव्य शोभा यात्रा में शामिल रहे। इस दौरान आयोजिको ने इनका स्वागत किया। यह शोभायात्रा सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किया। यात्रा में शामिल कई आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। कलाकारों ने अपने विभिन्न करतब दिखाए। यात्रा का मार्ग सादाबाद गेट से शुरू होकर चुनाव वाला डंडा और चामड़ गेट से होता हुआ विभिन्न बाजारों से गुजरा। यात्रा का समापन अलीगढ़ रोड स्थित श्याम प्रेस कंपाउंड में खाटू श्याम मंदिर पर हुआ। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा और पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# सुभासपा के पदाधिकारियों ने गृह मंत्री, राज्यपाल व सीएम के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इण्डिया




**सिद्धार्थनगर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गृह मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर को सौंपा। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर को सोशल मीडिया पर मिली जान से मारने की धमकी के बाद जेड प्लस सुरक्षा प्रदान कराने की मांग की।

बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनेवास राजभर ने दिए ज्ञापन में बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविंद राजभर को अपशब्द कहकर अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। जिससे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एवं जनपद के सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकताओं में बहुत गुस्सा एवं रोष है। संपूर्ण प्रदेश सुभासपा एवं जनपद सुभासपा के सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकर्त्ता डाक्टर अरविंद राजभर की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। इसलिए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव की सुरक्षा को जल्द से जल्द बढ़ाया जाए।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष केशव राजभर, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक अमजद खान, जिलाध्यक्ष रामनेवास राजभर, राम अजौई, अब्दुल सत्तार, रवि वर्मा, गुड्डु, संजय कुमार राजभर, बुधराम राजभर, जितेंद्र राजभर, गुलाब चन्द्र कनोजिया, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र राजभर, जगनरायण, जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, राजेंद्र राजभर, रिंकू राजभर मौजूद रहे।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक आयोजित



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ सभागार कक्ष में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बुधवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष केशव राजभर जिला व जिलाध्यक्ष रामनेवास राजभर के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बोलते हुए केशव राजभर ने कहा कि सुहेलदेव समाज पार्टी सर्व समाज की पार्टी है। उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुचाने और जन चौपाल लगाने की भी सलाह दी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक अमजद खान, राम अजौई, अब्दुल सत्तार, रवि वर्मा, गुड्डु, संजय कुमार राजभर, बुधराम राजभर, जितेंद्र राजभर, गुलाब चन्द्र कनोजिया, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र राजभर, जगनरायण, जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, राजेंद्र राजभर, रिंकू राजभर आदि बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर के चहुँमुखी विकास के लिए नही होगी कोई कोरकसर: गीता



वेलकम इंडिया

**कपकोट।** नगर पंचायत कपकोट में नगर के विकास के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने सभी वार्डो में भृमण कर वार्डो की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार जनसम्पर्क तेज कर दिया है।नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने कहा कि कपकोट को आदर्श नगर पंचायत बनाने में सभी का सहयोग जरुरी है।पंचायत की मुखिया होने के नाते नगर की प्रमुख समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

वह वार्ड संख्या दो में आयोजित बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। कालिका मंदिर तिरवाण में अध्यक्ष ऐठानी ने कहा कि भवन कर से संबंधित समस्या को बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा। जो भी नगर की समस्याएं है उन्हें दूर करने के लिए सभी नगरवासियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सबका साथ सबका विकास सिद्धान्त के आधार पर सभी वार्डों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। नगर में पात्र लाभार्थियों से पीएम आवास योजना के तहत आवेदन करने को कहा गया है। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें को शीघ्र ठीक करवाई जाएंगी। वार्डों के भीतर भी स्वच्छ्ता अभियान चलाया जाएगा। पैदल रास्तों को बनाने और गंदे पानी के निकास की व्यवस्था के प्रयास होंगे। लावारिस पशुओं को गो सदन भेजने की व्यवस्था की जाएगी। कूड़ा निस्तारण की भी व्यवस्था होगी।

# सास, ससुर, दामाद और बहू ने भी डाला शराब की दुकान का टेंडर, 582 दुकानों के लिये 7684 आवेदन, लाटरी आज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** यूपी सरकार ने आबकारी नीति में बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव में बगैर दुकानों के आवंटन के ही आबकारी विभाग ने रजिस्ट्रेशन मात्र से ही चार करोड़ रुपये कमा लिये हैं। शराब और महंगी होने जा रही है। हालांकि नई नीति एक अप्रैल से लागू होगी। 31 मार्च 2025 तक शराब सस्ती मिलेगी। अब कंपोजिट दुकानों पर एक साथ अग्रेंजी और बीयर खरीद सकेंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। बरेली जिले में 582 दुकानों के ठेकों के लिये 7684 लोगों ने आवेदन किया है। ज्यादा से ज्यादा टेंडर लेने के लिये शराब के ठेकेदारों ने सास, ससुर, भाई, बहू, दामाद, दोस्तों और रिश्तेदारों के नाम से भी आवेदन किया है, अब देखना है कि गुरुवार को संजय कम्युनिटी हाल में किसकी लाटरी लगती है। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि बरेली में 582 शराब की दुकानें हैं। इनमें 160 कंपोजिट, 400 देसी, 16 मॉडल शॉप और छह भांग की दुकाने हैं। तीन शराब की दुकानें ऐसी हैं। जहां टेंडर नहीं आये हैं। इस वजह से लाटरी नहीं होगी। 21 साल से ऊपर कोई भी व्यक्ति लाटरी प्रक्रिया में भाग ले सकता है। ई-लॉटरी छह मार्च को संजय कम्युनिटी हाल में होगी। पहले 160 कंपोजिट दुकानों का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से होगा। शराब के शौकीनों की सुविधा और बिक्री की लागत को कम करने के लिए नई आबकारी नीति में कंपोजिट दुकानों की व्यवस्था की गई है। नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू की निगरानी में आवंटन प्रक्रिया पूरी की जायेगी। जिला आबकारी अधिकारी के मुताबिक केवल एक प्रीमियर रिटेल शॉप जोकि फीनिक्स मॉल में संचालित है, उसका नवीनीकरण किया गया है। इसके अलावा सभी शराब व भांग की दुकान का ई-लॉटरी से व्यवस्थापन होना है। डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर 2025-2026 वित्तीय वर्ष के लिए ई-लॉटरी सुबह 10 बजे से संजय कम्युनिटी हॉल रामपुर गार्डन में शुरू की जायेगी। सभी आवेदकों को पंजीकरण स्लिप के साथ सुबह नौ बजे तक पहुंचने के लिए कहा गया है। पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ ई लाटरी का आवंटन किया जायेगा। सरकार इस पर सीधे नजर बनाये हुये है। इसी वजह से सभी जिलों में शासन ने एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को बतौर नोडल अफसर भेजा है।

## घर में घुसकर चोरों ने रखे नकदी व सोने चांदी की आभूषण लेकर हुए फरार

**बिजनौर नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में बस्ती के बीच स्थित एक घर में घुसकर चोर नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी करके ले गये नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर निवासी शौकेन्द्र सिंह तथा कामेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व. सुकरमपाल सिंह का घर गांव के बीच में स्थित है।रात्रि शौकेन्द्र अपनी पत्नी के साथ पुराने घर में सो रहा था तथा कामेन्द्र अपनी पत्नी के साथ बगल मकान में सो रहा था, उनकी मां रिश्तेदारी में गई हुई थी। जिस कमरे में दोनों भाइयों की पत्नियों के जेवर रखे थे, उसका ताला लगा हुआ था। चोर कमरे तथा संदूकों के तोड़े गये ताले भी अपने साथ ले गये। शौकेन्द्र ने बताया कि रात्रि लगभग 12.30 बजे बाहर खड़े दो चोर संदूक रखकर ले जाने के लिये गाड़ी लाने की बातें कर रहे थे, तो पूजा देवी पत्नी कामेन्द्र की आंख खुल गई। उसके शोर मचाने पर सारे परिजन जाग गये, तो चोर भाग खड़े हुए।

# विश्व हिन्दू परिषद ने किया श्री खाटू श्याम शोभा यात्रा का स्वागत



**हाथरस।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में 18वां श्री श्याम फागुन महोत्सव के अंतर्गत नगर में श्री खाटू श्याम शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया विश्व हिंदू परिषद द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं शोभा यात्रा में शामिल समिति के पदाधिकारियों को पीत वस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाला पदम सिंह जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल बजरंग दल विभाग सह संयोजक हर्षित गोड़ शिवांग बागला आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल



वेलकम इंडिया

**आगरा।** जिले की थाना खंदौली पुलिस ने जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है ,जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 व जिंदा कारतूस व 200 रुपए नगद बरामद हुए हैं।पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस आयुक्त द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत,पुलिस उपायुक्त पश्चिमी व सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर व प्रभारी निरीक्षक खंदौली कमि० आगरा के निर्देशन में खन्दौली पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर नगला धमाली से बिचपुरी जाने वाले मार्ग पर बने अमृत सरोवर तालाब के पास से जिला बदर आरोपी को एक वारगी दबिश देकर आवश्यक बल प्रयोग कर पकड कर जामातलाशी ली गयी तो आरोपी ने अपना नाम राहुल चौधरी पुत्र देवेन्द्र सिंह नि० नादऊ थाना खन्दौली कमि० आगरा उम्र करीब 22 बर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी लेने पर पहने जींस की दाहिनी फैट से घुरसा हुआ एक तमन्चा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर व 200 रुपये नगद बरामद हुए।

# लखीमपुर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की जिला कार्यकारिणी प्रस्तावित दिखा उत्साह

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की दूसरी बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय प्रमुख क्रांतिकारी संपादक माननीय अनिल दूबे आजाद जी के निर्देश पर आयोजित की गई इस बैठक में सर्वसम्मति से कमलजीत सिंह को संगठन का जिला उपाध्यक्ष, सोनू पटेल, नसरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इरफान गाजी को जिला सचिव, अरविंद मिश्रा को जिला विधिक सलाहकार, अनूप अवस्थी को जिला सह मीडिया प्रभारी, सुनीत बाजपेई, रामजीवन राज, त्रिभुवन वर्मा, तनवीरूद्दीन अंसारी को जिला संरक्षक, तथा शरीफ अंसारी राजपाल कृष्ण अवस्थी आसिफ खान को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद लखीमपुर जिलाध्यक्ष मो इरफान अंसारी एवं जिला प्रभारी हरीश पांडे मौजूद रहे।

क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दूबे आजाद जी के निदेर्शानुसार लखीमपुर खीरी जनपद के महेवागंज कस्बे में अत्यंत क्रांतिकारी मिजाज और अत्यधिक उत्साह के साथ ओदरहना पंचायत भवन में संगठन की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में खीरी जनपद के क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के लगभग सभी प्रभारी और क्रांतिकारी सदस्य शामिल हुए। निर्धारित समय पर पत्रकार अरविंद मिश्रा ने बैठक का संचालन शुरू किया।जिला प्रभारी हरीश पांडेय ने संतोष व्यक्त करते हुए नव प्रस्तावित समस्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनायें दीं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखे। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की जिला कार्यकारिणी चुने जाने पर पदाधिकारियों ने सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि वह क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख द्वारा दिए गए दायित्वों का तन मन और धन के साथ निर्वाहन करेंगे। इसके साथ ही वह परिषद के सभी सदस्यों समेत जिले के सभी पत्रकार साथियों की हर समस्या में हर संभव मदद करेंगे। इसके साथ ही क्रांतिकारी संगठन का विस्तार भी करेंगे।

# जिम्मेदारों की मिली भगत से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने का आरोप

वेलकम इण्डिया

- शोहरतगढ़ तहसील में चल रहा अन्धा कानून, आखिर लेखपाल व ग्राम प्रधान के गलतियों का खामियाजा क्यों भुगत रही गांव की जनता ?

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी0वाई0 चन्द्रचूड़ के आदेश पर न्याय की देवी की मूर्ति से आंखों पर बंधी पट्टी हटाई गई है। इस बदलाव का मकसद आम लोगों को यह सन्देश देना था कि कानून अन्धा नहीं होता है। न्याय की देवी की मूर्ति में बदलाव करके न्यायपालिका की छवि में समय के अनुसार सुधार लाने का सन्देश दिया गया था। लेकिन राजस्व विभाग में बैठे कुछ ऐसे जिम्मेदार लोग है। जो सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिनके आंखों पर आज भी पट्टी बंधी हुई है। उन्हें खुली आंखों से भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे विभाग के जिम्मेदारों ने यह साबित कर दिया है कि आज भी हमारे विभाग में अन्धा कानून चल रहा है। फिलहाल यह जांच का विषय है। कि आखिर ऐसी चीजों को नजर अंदाज क्यों किया जा रहा है और लोगों को न्याय कब मिलेगा। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश सरकार अभियान चलाकर सरकारी व सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण व अवैध कब्जों को हटवाने का कार्य कर रही है। वहीं कुछ अधिकारी ऐसे कार्यों में संलिप्त होकर मौज करने में लगे हुए हैं। जिससे सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा रुकने का नाम नहीं ले रहा। जिसके कारण सरकारी योजनाएं जमीनों के आभाव में धरातल पर नहीं उतर पा रही है। आपको बता दें कि शोहरतगढ़ तहसील अन्तर्गत ढेबरुआ थाना क्षेत्र के मधवानगर गांव निवासी घनश्याम चौधरी, बटुकनाथ पाण्डेय, बजरंगी गुप्ता, कृष्ण मोहन चौधरी, राजू गौतम, शिव प्रसाद यादव, जय प्रकाश चौधरी, शैले यादव, सुरेश,



सोमई आदि लोगों का कहना है कि हम लोगों ने कई बार मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुए डीएम, एसडीएम, विधायक, चौकी, थाने पर पुलिस व राजस्व विभाग से ग्राम सभा मधवानगर की सार्वजनिक जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को हटवाये जाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि गांव के पूरब उच्च प्राथमिक विद्यालय के बगल गाटा संख्या 205 जो कि ग्राम समाज की सार्वजनिक जमीन थी, जहां पर हम सभी लोगो के शादी विवाह, बारात, दुर्गा पूजा, होली आदि कार्यक्रम होते थे। अभी कुछ वर्ष पहले गांव निवासी बाबूलाल पुत्र लक्ष्मण, विद्या पत्नी स्वामी नाथ, चन्द्रावती पत्नी मुंशी, उर्मिला पत्नी रामदयाल, सुरेश पुत्र आज्ञाराम, पुष्पा पत्नी शिवाकान्त, रमेश पुत्र ओमप्रकाश आदि लोगों ने पूर्व प्रधान रामदत्त व लेखपाल प्रदीप शुक्ला से मिली भगत कर बिना किसी डुग्गी मुनादी व गांव में बिना किसी खुली बैठक किये। इस जनपद के अखबारों में बिना सूचना प्रकाशित करवाये, गांव वालों के चोरी छिपे सिर्फ कागजों में कोरम पूरा कर फर्जी तरीके से अपात्र लोगों को आवासीय पट्टा बना दिया गया है। यहां तक कि ग्राम पंचायत सदस्य बसन्तराम, मिथलेश कुमार, संतरी व रघुनाथ आदि लोगों के भी फर्जी अंगूठा दस्तखत बना दिया गया है। जिन्हें उक्त सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। गांव के जिन लोगों को पट्टा दिया गया है, उन लोगों के पास पहले से खेती की जमीन व रहने के लिए दो मंजिला पक्का मकान मौजूद हैं। वहीं कुछ लोगों को मुख्यमंत्री आवास भी मिला हुआ है। काफी दिनों के बाद जब जमीन की नापी करने के लिए लेखपाल आये तो हम गांव वालों को पता चला जिसके बाद हम लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए जिला मजिस्ट्रेट के यहां वाद दाखिल किया हुआ है। जो अभी विचाराधीन है। फिर भी अपात्र पट्टा धारक लोग उक्त जमीन पर जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। बोलने पर महिलाओं द्वारा फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं। उक्त जमीन पर फर्जी तरीके से हुए आवासीय पट्टे को निरस्त करवाने के साथ ही, अवैध रूप से किये गये कब्जे को वहां से हटवाये जाने की मांग गांव वालों ने की है। गांव के लोगों का कहना है कि ग्राम समाज की जमीन पर बिना किसी सहमति के चोरी छिपे लेखपाल द्वारा मोटी कमाई के चक्कर में दबंगों से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से पट्टा बना दिया गया है। जिसके निरस्तीकरण के लिए हम गरीब किसान लोग अपना गेहूं चावल बेचकर अपने जेब से वकील की फीस चुकता कर पिछले चार वर्षों से कोर्ट कचहरी का चक्कर लगा रहे हैं। जिसमें हम लोगों का करीब पचासों हजार रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन अभी तक न्याय नही मिला है। अब सवाल है कि आखिर इसमें हम गांव वालों का गुनाह क्या है? क्यों हम सरकारी जमीनों को बचाने के लिए अपना चावल गेहूं बेचकर वकील की फीस चुकाये? अब तक किसी बड़े अधिकारी द्वारा क्यों नही इसका संज्ञान लेकर मौके की जांच कराई जा रही है। आखिर इस तरह से अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहानी कब तक चलती रहेगी और लेखपाल के गलतियों का खामियाजा गांव की जनता को कब तक भुगतना पड़ेगा, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल यह जांच का विषय है और समय का इंतजार है कि क्या गांव की जनता को न्याय मिल पायेगा।

## पुलिस ने अपराधिक मामले में वांछित महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे। अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 298/2024 धारा 85, 352, 351(3), 118(1), 109, 115(2) बीएनएस में फरार/वांछित चल रही महिला अभियुक्ता राबिया पत्नी इकबाल निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# होली के दिन जुलूस के थोड़ी देर बाद होगी जुमा की नमाज....आखिर बन ही गई सहमति

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित रवींद्रालय में पीस कमेटी और संभ्रांत लोगों की बैठक की। बैठक में होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने का मामला उठा। अधिकारियों के कहने पर जुमे की नमाज का समय थोड़ा देर से करने और जुलूसों का समय थोड़ा जल्दी करने पर सहमति बन गई। अधिकारियों ने इसे गंगा जमुनी तहजीब बताया। एडीजी रमित शर्मा ने पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि सभी का प्रयास रहे कि किसी भी हाल में माहौल खराब न हो। जो सहयोग करेंगे, उनका पुलिस भी सहयोग करेगी और जो गलत मंसूबे पाले हैं, उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए जाएंगे। जुलूस में डीजे की आवाज हल्की रखें और अश्लील या सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने न बजाएं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सकुशल समाप्त होने के बाद पीस कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि आगामी त्योहारों को अच्छे तरह से सम्पन्न कराएं। रंग खेलने वाले कीचड़ और हानिकारक रंग का इस्तेमाल न करें। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि सभी का सहयोग और सामंजस्य बहुत अमूल्य है। डीएम रविन्द्र कुमार ने कहा कि स्वेच्छा से नमाज के समय में परिवर्तन का जो निर्णय लिया है, वह निसंदेह सराहनीय और प्रेरणादायक है। आज जो समस्याएं बताई गई हैं, उनका जल्द निस्तारण कराया जाएगा। पूर्व की बैठक में भी आई समस्याओं का निस्तारण कराया गया है, आगे भी यदि कोई समस्या हो तो 0581-2422202 और 0581-2428180 पर जानकारी दे सकते हैं।

इस मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जिले में 2866 स्थानों पर होलिका दहन और 69 जुलूस आयोजित होंगे। जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जुलूस सुरक्षा समिति के सदस्यों को दी गई है। अति संवेदनशील होलिका दहन स्थलों में 12 मार्च से ही पुलिस व्यवस्था रहेगी। ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराया जाएगा। इस अवसर पर महाकुंभ से अग्निशमन विभाग की गाड़ियों में भरकर लाए गए गंगाजल को कैन में भरकर अधिकारियों और अन्य संभ्रांत लोगों को वितरित किया गया। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी देहात, एसपी ट्रैफिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मॉकड्रिल में पुलिस लाइन पर दंगाइयों का हमला, हरकत में आई फोर्स ने एक को किया ढेर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में बुधवार की सुबह अचानक बड़ी तादात में बलवाई और दंगाई घुस गए। अंदर घुसते ही पुलिस पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। इस मंजर ने पुलिस कर्मियों के बीच बेचैनी बढ़ा दी।

पुलिस कर्मियों ने जवाबी फायरिंग में एक दंगाई को ढेर कर दिया, जबकि, एक गंभीर रुप से घायल हो गए। उसके बाद सभी दंगाई वहां से फरार हो गए। लेकिन पुलिस कर्मियों को तब राहत का एहसास हुआ जब उनको इस बात का पता चला कि यह दंगाई और बलवाई असली नहीं बल्कि नकली हैं। इस मौके पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि होली के मद्देनजर एसएसपी ने दंगाईयों के खिलाफ पुलिस का रिहर्सल कराया। जिसमें अचानक एक दर्जन के करीब दंगाई परेड ग्राउंड में पहुंचते हैं। जहां पर बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे पुलिस टीम के साथ दंगाइयों को समझाने का प्रयास करते हैं। लेकिन, दंगाई पुलिस को देख कर पुलिस के खिलाफ एक साथ नारे लगाने शुरू कर देते हैं। पुलिस के लाख समझाने के बाद भी दंगाई बात करने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। पुलिस ने विरोध किया तो गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने आंसु गैस के गोले छोड़ते हुए लाठी चार्ज कर दी। लेकिन, दंगाई ने इतने में फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में एक दंगाई को ढेर कर दिया। जबकि, एक दंगाई गंभीर रूप से घायल हो गया और बाकी सभी उपद्रवी वहां से फरार हो गए। हालाकि, पुलिस को पता चला कि यह कोई दंगाई नहीं हैं। बल्कि, उन्हीं के साथी पुलिस कर्मी हैं और यहां कोई बवाल नहीं बल्की मॉक ड्रिल हो रहा था। जिसे देख एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस कर्मचारियों की प्रशंसा की। इस दौरान फायर बिग्रेड भी पुलिस लाइन ग्राउंड में मौजूद थीं। जिससे आगजनी की घटना पर काबू पाया जा सके। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।

# क्षेत्र वासियों से रमजान, होली व ईद उल फितर का त्योहार आपसी प्रेम से मनाने का आह्वान किया




वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष मंडावली राम प्रताप सिंह ने थाना क्षेत्र की गणमान्य नागरिकों की थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र वासियों से रमजान, होली व ईद उल फितर का त्योहार आपसी प्रेम से मनाने का आह्वान किया उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी नई परंपरा को शुरू करने की बिल्कुल भी छूट नहीं है भारत त्योहार और मेलों का देश है अनेक पर्व त्यौहार आते हैं जिन्हें मिलकर सभी क्षेत्रवासी एक साथ मनाते हैं इस बार भी सभी क्षेत्रवासी पवित्र त्योहार को आपसी सद्भाव व प्रेम के साथ परंपरागत ढंग से मनाएं क्षेत्र में कोई भी ऐसा कृत्य ना करें जिससे कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था को कोई दिक्कत या परेशानी का सामना पड़े उन्होंने कहा कि त्योहारों में किसी भी तरह का उत्पात करने वाले से शक्ति के साथ निपटा जाएगा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी होली और रमजान एक साथ-साथ चल रहे हैं हम सबको आपस में मिलकर यह त्योहार मनाने है हमारा क्षेत्र बहुत ही शांतिक्रिया क्षेत्र है सभी लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलकर मनाते चले आ रहे हैं इस वर्ष भी इस प्रेम से सारे त्योहार मनाए भाजपा नेता रितेश सैन महाशिवरात्रि के पर्व पर लाखों शिव भक्त कावरियो की यात्रा सकुशल संपन्न कराने में क्षेत्र के सभी सभ्रान्त नागरिकों पुलिस प्रशासन के द्वारा किए गए सहयोग की सहन करते हुए अपील की कि आगामी त्यौहार एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए मने इस अवसर पर एस एस आई योगेंद्र सिंह, लखनपाल सिंह, देशवाल सिंह, अनुज चौधरी, अंकित कुमार, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत हाजी नसीम अंसारी, बुनियाद अली अंसारी, मौ माजिद, शहाबुद्दीन मकरानी, विपिन त्यागी, पुखराज सिंह चौहान, सतीश प्रजापति, राकेश प्रजापति, दिलीप कुमार बौद्ध, इरफान अहमद, मुस्तकीम अहमद, राजवीर सिंह, सरफराज खान, ध्यान सिंह, सुभाष चंद्र, गजेन्द्र मलिक, जोगराज सिंह, भाजपा नेता सुमित गुर्जर, बबलू प्रजापति, फरीद अहमद, इंजी सादाब हैदर, मनोज राठी, मुस्तकीम अहमद, दीपक कुमार, चंकिल तोमर, आदि उपस्थित रहे।

# संगम की पवित्र त्रिवेणी का अमृत जल पहुंचा हाथरस, पुलिस अधीक्षक ने लोगों में बांटा

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** मुख्यमंत्री उ0प्र0, लखनऊ योगी आदित्यनाथ के अपेक्षानुसार एवं अपर महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उ०प्र०, पद्मजा चौहान के निर्देशन में महाकुम्भ की समाप्ति के उपरान्त समूचे उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग द्वारा त्रिवेणी संगम का पवित्र गंगाजल निःशुल्क वितरित कराया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई अग्निशमन विभाग की गाड़ियां जब अपने अपने जिले के लिए लौटने लगी तो इसमें त्रिवेणी संगम का अमृत जल भरकर प्रत्येक शहर में लाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद हाथरस से महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी द्वारा भी वापस लौटते समय उसमें त्रिवेणी संगम का अमृत जल भरकर लाया गया। जिसके क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा शहर क्षेत्र में त्रिवेणी संगम के पवित्र गंगाजल का श्रद्धालुओं-आमजन में वितरण किया गया। इनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने भी सहभागिता की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजकुमार बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पवित्र गंगाजल वितरण कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम संगम से आये गंगाजल का पूजन किया गया तथा पुष्प अर्पित कर सभी लोगों ने अमृत जल के प्रति सम्मान प्रकट किया। त्रिवेणी संगम के अमृत जल को उन श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया जो महाकुंभ के दौरान किसी कारणवश संगम में डूबकी लगाने से वंचित रह गए थे। पूजा के पश्चात पुलिस परिवार के लोग, जो ड्यूटी के कारण महाकुम्भ नहीं जा सके थे, उन सभी का परिवार तथा बड़े संख्या में आसपास में रह रहे आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, कतारबद्ध तरीके सभी लोगों ने गंगाजल प्राप्त किया। सैकड़ों श्रद्धालु द्वारा उत्साह के साथ स्वच्छ पात्र में गंगा जल लिया गया एवं इस व्यवस्था के साथ शासन प्रशासन का सराहना की गई।

# संतरे से भरा ट्रक पलटा, चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल




वेलकम इंडिया

**झांसी।** शिवपुरी रक्सा हाइवे पर संतरे से भरा ट्रक ट्रक पलट गया। जिससे उसमें सवार चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही ट्रक पलटने से संतरे सड़कों पर फैल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संतरों की सुरक्षा करते हुए घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जानकारी के मुताबिक शिवपुरी से झांसी की ओर आ रहा ट्रक संख्या यूपी 77 ३ 8786 संतरे से भरा हुआ था। जैसे ही ट्रक शिवपुरी रोड पर ग्राम सिजवाहा के पास किसी वाहन को ओवर टैक कर रहा था तभी अचानक पलट कर जमीन पर गिर गया। जिससे ट्रक में सवार चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही ट्रक में भरे संतरे जमीन पर बिखर गए। संतरे जमीन पर गिरते ही लोग लूटने लगे। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया साथ ही संतरों की सुरक्षा में पुलिस ने चारों ओर से घेरा बनाकर सुरक्षा की।

# जेएमएसआईटी, गाजियाबाद ने डीवी ग्रुप के तत्वाधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़** /जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने डी ग्रुप के तत्वाधान में संस्थान के छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर के अवसर प्राप्त करने और 100% प्लेसमेंट सुनिश्चित करने को लेकर कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें बी में बी.टेक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए एवं अन्य स्नातक कोर्स के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आपको बता दें कि डीवी ग्रुप द्वारा दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के विभिन्न पदों के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में 195 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई। जिसमें पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन और दूसरे चरण में पर्सनल इंटरव्यू शामिल था। पहले चरण में सभी 195 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें से 70 उम्मीदवारों को अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया। पर्सनल इंटरव्यू के बाद 47 छात्र-छात्राओं का एक ही दिन में चयन किया गया। और उन्हें तुरंत जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। कि एक ही दिन में इतने अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ। जेएमएसआईटी गाजियाबाद के सचिव, डॉ. हिमांशु सिंहल ने डीवी ग्रुप को इस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विशेष रूप से डीवी ग्रुप के चीफ सिस्टम एश्योरेंस ऑफिसर चंदन यादव, हेड ऑफ स्टेशन ऑपरेशन गौरव कंसल, लीड ऑफ रिक्रूटर्स मिस सृष्टि जैन और लीड रिक्रूटर मिस पारुल अग्रवाल को उनके महत्वपूर्ण सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डीवी ग्रुप की टीम के साथ काम करना संस्थान के लिए एक शानदार अनुभव रहा और भविष्य में भी यह साझेदारी जारी रहेगी, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर अवसर मिलते रहेंगे। संस्थान के निदेशक, प्रो. डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास, एवं प्राचार्य, प्रो. डॉ. प्रवीण गुप्ता ने सफल उम्मीदवारों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य प्राप्त करते हुए अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें।

# दादी की सरकार मिलेगी गांव में... बेखौफ शायर



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के रामलीला मैदान में अमर उजाला गांव महोत्सव में एक विशाल कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें कबीर साहित्य परिषद -भारत की भी सहभागिता रही। कवि सम्मेलन में सभी साहित्यकारों को शाल उड़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें वरिष्ठ कवि डा.अशोक मैत्रेय जी, शायरा मुसर्रफ चौधरी, बेखौफ शायर डा.नरेश सागर, विजय वत्स, डा.अशोक सम्राट, फराज चौधरी, डा.दीपा, जमशेद माहिर, सविता सिंह 'शमां', सुरेन्द्र खेड़ा, राजकुमार हिंदुस्तानी, डा.सुनील सरकार, अंकित इंकलाब को सम्मानित किया तो वहीं कबीर साहित्य परिषद -भारत ने अमर उजाला के चीफ नितिन दीक्षित, अमित नागर व संदेश शर्मा को डा.भीमराव अम्बेडकर रत्न देकर सम्मानित किया। सभी कवि व शायरों का काव्य पाठ हुआ जिसमें डा.अशोक मैत्रेय ने पढ़ा कि.मैं तूफान के रूख को, मोड़ सकता हूं।, रिश्तों के टूटे धागे, जोड़ सकता हूं।।, मुशर्रफ चौधरी ने कुछ यूं पढ़ा कि... कड़वी हकीकतों से, रगबत मुझे भी थी।सच बोलने की बुरी आदत मुझे भी थी।।, बेखौफ शायर डा.सागर ने ये पढ़कर सभी को गांव की ओर मोड़ दिया गुड के साथ छाछ मिलेगी गांव में।पीपल वाली छांव मिलेगी गांव में।।हुक्का पानी और कहानी परियों की। दादी की सरकार मिलेगी गांव में।।दिल्ली से आयी डा.दीपा ने कुछ यूं पढ़ा कि.भावना में वही मैं चली जा रही। गीत मन में बुने मैं चली जा रही।

# होली के पर्व से पूर्व वेतन भुगतान की मांग



वेलकम इंडिया

**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला। ज्ञापन सौंपकर होली के पर्व से पूर्व शिक्षकों को वेतन भुगतान करने के लिए कहा गया। बताया गया कि आयकर कटौती का बहाना लेकर ब्लॉक से वेतन वेरिएशन बिल समय से नहीं भेजा गया है। इससे वेतन मिलने में विलम्ब हो रहा है। इससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। वेतन वेरिएशन बिल 27 तारीख तक भेजना चाहिए, जिसे न भेजने से सैलरी में देरी हो रही है। शिक्षक नेताओं ने खण्ड शिक्षाधिकारियों से अविलम्ब वेतन वेरिएशन बिल जमा कराने हेतु आदेशित करने की मांग की है। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष / जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित, मंत्री मृत्युंजय सिंह, संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर, प्रवक्ता अब्दुल नोमान आदि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड में जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** बुंदेलखंड क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तपोषित ॠसेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन ऑर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंगॠ के अंतर्गत 25 फरवरी से 1 मार्च तक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. ए.के. सिंह के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से हटकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना था, जिससे न केवल मृदा स्वास्थ्य को सुधारने में मदद मिलेगी, बल्कि बेहतर पोषण और पर्यावरण संतुलन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.के. सिंह, एवं बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने किसानों को इस विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ. योगेश्वर सिंह ने बताया कि जैविक खेती की ओर लौटने से किसानों को स्वस्थ और प्राकृतिक उत्पाद प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में जैविक खेती को एक बड़े स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है ताकि यहाँ के किसान लाभान्वित हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वी. के. सचान (प्राचार्य, शासकीय कृषि फार्म, कृषि महाविद्यालय, चिरगांव, झांसी) ने जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और किसानों को इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. शिवेंद्र सिंह ने बीजामृत, जीवामृत एवं घनजीवामृत जैसी जैविक खादों की तैयारी की विधियों को विस्तार से समझाया। वहीं, डॉ. विश्वनाथ चौहान ने गोबर खाद, हरी खाद और जैविक पोषक तत्वों के निर्माण की तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। किसानों को फार्म भ्रमण के दौरान जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया गया, जिससे वे अपने खेतों में इसे प्रभावी रूप से लागू कर सकें। इस प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ब्रहमास्त्र, नीमास्त्र और बीजामृत जैसे पारंपरिक जैविक उपचार तैयार करने की विधियां सिखाई गईं, जिससे वे प्राकृतिक रूप से कीट और रोगों के प्रबंधन को सीख सकें। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक खेती में बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन और रोग नियंत्रण की आधुनिक जैविक विधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. अनिल कुमार ने क्लस्टर निर्माण एवं फेडरेशन तैयार करने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक ने मोदी कॉलेज में बोर्ड परीक्षा और उप संकलन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज गाजियाबाद में बोर्ड परीक्षा के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा मेरठ मंडल ओमकार शुक्ला पी ई एस और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा ( पी ई एस ) व राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम के प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ( पी ई एस ) और राजकीय इंटर कॉलेज तोड़ी के प्रधानाचार्य विकास कुमार ( पी ई एस, ) के नेतृत्व में गठित सचल दल की टीम ने केंद्र का गहन निरीक्षण किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक की टीम ने विद्यालय में परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को परिषदीय नियमों के अनुसार पाए जाने पर विद्यालय प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि यह विद्यालय तो अपने आप में ऐतिहासिक है। कमरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की बहुत सराहना की यह भी उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक संपन्न होगी। केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि 19 कमरों में बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है।

प्रत्येक कमरे में वॉइस रिकॉर्डर युक्त दो दो कैमरे लगे हुए हैं। प्रत्येक कक्षा की मॉनिटरिंग जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गाजियाबाद में शिक्षा निदेशक लखनऊ व बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से की जा रही है। पूरा विद्यालय 24 घंटे कंट्रोल रूम की निगरानी में है। 5 मार्च की सुबह की पाली में इंटर की उर्दू की परीक्षा थी। जिसमें केवल एक परीक्षार्थी पंजीकृत था, वह भी अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में इतिहास के 48 परीक्षार्थियों में से 47 परीक्षार्थी उपस्थित थे। पूरे बोर्ड परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी कार्यालय से एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट मोहित शांत और अवर अभियंता जल निगम गाजियाबाद और सेक्टर मजिस्ट्रेट अभिमन्यु प्रताप सिंह सहायक आबकारी आयुक्त और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक कमल सिंह लेक्चरर के एन इंटर कॉलेज मुरादनगर और पांच सशस्त्र पुलिस कर्मी बोर्ड परीक्षा की निगरानी करने के लिए उपस्थित रहते हैं।

# राजनगर एक्सटेंशन में बाइक सवार बदमाश आइसक्रीम विक्रेता का मोबाइल छीनकर फरार

**गाजियाबाद।** शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में बाइक सवार बदमाशों ने एक आइसक्रीम विक्रेता का मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। कार सवार एक युवक ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार बाइक पर सवार लुटेरे भागने में कामयाब हो गए। चश्मदीद यशपाल कसाना, जो उस समय अपनी कार से राजनगर एक्सटेंशन की ओर जा रहे थे, ने बताया कि उन्होंने दो बाइक सवार बदमाशों को आइसक्रीम विक्रेता का फोन छीनते देखा। जब उन्होंने बदमाशों का पीछा किया, तो वे तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हुए फरार हो गए। घटना के कुछ समय बाद आइसक्रीम विक्रेता ने अपने छिने हुए मोबाइल पर फोन किया, तो बदमाशों ने खुद ही कॉल रिसीव कर ली और मोबाइल का पासवर्ड पूछने लगे। उन्होंने कहा कि भाईजान, पासवर्ड नहीं बताओगे तो हमें कैसे पता चलेगा कि मोबाइल तुम्हारा ही है? हमने तुम्हारा मोबाइल छीनने वाले को पकड़ रखा है।

पीड़ित ने डायल 112 पर कॉल कर घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की और मामला दर्ज कर लिया।

# 5 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के तृतीय दिवस का अयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** आज नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में ₹सिविल डिफेंस फाउंडेशन कोर्स₹ के अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के तृतीय दिवस उपनियंत्रक श्री नीरज चक जी ने स्वयं सेवकों को बचाव के सामान्य सिद्धांत, बचाव उपकरण के प्रयोग एवं उनकी जानकारी के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने वाडेनों को विभिन्न आपदाओं के बारे में एवं उनसे बचाव किस किस प्रकार हो सकता है, विस्तार से बताया ।इस अवसर पर प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद, डॉ शफीक अहमद, रामौतार वर्मा, पोस्ट वार्डन डॉ0 पूनम बंसल, सूरज प्रकाश, अहमद हुसैन, थॉमस अरविंद कुमार, निमित जायसवाल, कमल गोला, एहसान उल हक कुरेशी, इसरार हुसैन, संदीप जैन, प्रवेंद्र कुमार शर्मा, विवेक यादव, नीतू सक्सेना, मोहम्मद इरफान कुरैशी, दीप अग्रवाल, भव्य बंसल, उत्कृष्ट कुमार, रेणुका सिंह, बबीता, आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा संगठन का विस्तार किया गया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा के नेतृत्व में फिरोजाबाद में ब्राह्मण महासभा संगठन का विस्तार किया गया। आयोजित एक बैठक में पंडित कौशल किशोर उपाध्याय को फिरोजाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कल्पना चौरसिया को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया ।इस अवसर पर लगभग 20 पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।सभा के प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा एवं महामंत्री राजेश आचार्य ने सभी को शपथ ग्रहण कराई। फिरोजाबाद के मुख्य संरक्षक रविंदर लाल तिवारी ने सभी का सम्मान किया। सभा में अनेक जिलों के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। सभी ने फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष को बधाई दी ।सभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज से फिरोजाबाद के पदाधिकारी ने एवं मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश आगरा वालों ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग करने के लिए आग्रह किया ।श्री शर्मा आशवासन दिया कि फिरोजाबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग की जाएगी ।जिसकी सूचना आपको बाद में दी जाएगी कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव मनीष चंद शर्मा रामपुर भी उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पूनम शर्मा एवं चारों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया एवं श्रमदान किया स्वागत समिति व अनुशासन समिति की छात्राओं ने लक्ष्यगीत करवाए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ऐन सी आर सी टी सी के अंतर्गत सुगम सशक्त परियोजना के क्रम में कौशल प्रशिक्षण कराया गया जिसकी प्रमुख व्याख्याता सायमा सूद थी उन्होंने स्वयं सेविकाओं को इस योजना से परिचय करवाया इसके लाभ और उद्देश्यों एवं प्रमुख तत्वों पर चर्चा की। शिविर के दूसरे सत्र में




मुख्य अतिथि आकाश एवं टीम थी जो वार्ड नंबर 20 मोदीनगर से थे, स्वच्छ भारत अभियान पर सर्वे कराया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पूनम शर्मा ने मोदीनगर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 25 में छात्राओं से अपनी फीडबैक देने की अपील की एवं समस्त स्वयं सेविकाएं एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वच्छ भारत अभियान पर अपनी फीडबैक प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अन्य मुख्य अतिथि डॉक्टर हिमांशु शर्मा ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता तथा कम्युनिकेबल एवं नॉन कम्युनिकेबल डिसीज पर स्वयं सेविकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं इनसे बचने के उपाय व उपचार साझा किया तथा स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया। शिविर का सफल संचालन इकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आकांक्षा सारस्वत इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती राखी शर्मा एवं इकाई दी कि कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा के कुशल निर्देशन में किया गया शिविर में श्रीमती मधुलिका सुश्री मंजू कनौजिया सुश्री ज्योति सुश्री स्वीटी सुश्री अवनी श्रीमती सुमनलता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मारे ताबड़तोड़ छापे



**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** उप जिलाधिकारी सदर विकासधर द्विवेदी एवं सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिकचंद सिंह के नेतृत्व में पुरानी सब्जी मंडी फतेहगंज चौक में की गई पूर्वोत्तर करवाई पर एक बार फिर से निरीक्षण किया गया। जिसमें पूर्व में ही बंद कराई गई मीट की दुकानों में मौके पर एक दुकान खुली पाई गई। जिसे तत्काल प्रभाव से एसडीएम सदर के मार्गदर्शन में सीज कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा की टीम सहायक आयुक्त द्वितीय के साथ पान गली चौक में सघन निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में चौरसिया एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए बनारसी आशिक सुपारी और शिखर पान मसाला गुटका का नमूना लिया गया और शिखर पान मसाला के 67 पैकेट मूल्य ?10720, बनारसी आशिकी सुपारी के 130 पैकेट रुपया 9750 मूल्य के पान मसाले सीज किए गए। इसी क्रम में पान गली चौक में खाद्य कारोबार संचालित लगभग दर्जन भर दुकानों का निरीक्षण किया गया। जो खाद्य पंजीकरण के तहत व्यवसाय करते पाए गए जिनका वार्षिक टर्नओवर 12 लाख के ऊपर था। उन सभी को इस निर्देश के साथ अवगत कराया गया कि खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत टर्नओवर ज्यादा होने के कारण से अपना लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में उन सभी पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कम्युनिटी दिवस का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में अटल इन्नोवेशन मिशन के अंतर्गत अटल कम्युनिटी दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय सुहाना के 50 विद्यार्थियों ने कम्युनिटी स्कूल के अंतर्गत विभिन्न कंप्यूटर इन्नोवेटिव आर्डुइनो, थ्री-डी एनीमेशन, स्क्रैच कोडिंग, ए आई, व रोबोटिक्स के विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण सुरेविन के विद्यार्थियों व मेंटर कुमारी आयुषी चौधरी के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पी एम श्री कंपोजिट सुहाना विद्यालय के अध्यापक सलीम जावेद एवं उनके साथ सहअध्यापक की भी उपस्थिति रही। इस मुख्य अवसर पर सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि इस कम्युनिटी उत्सव का उद्देश्य एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देना, विद्यालयों के अलगाव को समाप्त करना तथा विद्यालयों के बीच पारस्परिक सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण सर्जन करना है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी एवं स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने उपस्थित स्कूल अध्यापक व सभी छात्रों को भेंट देकर सम्मानित किया तथा भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# एनवायरमेंट क्लब ने 'पानी की बात युवाओं के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** एनवायरमेंट क्लब द्वारा ग्राम गदाना, मोदीनगर में मुल्तानीमल मोदी कॉलेज के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर में पानी की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल संरक्षण पर केंद्रित रहा जो क्लब की पानी की बात मुहिम के तहत आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को क्लब संस्थापक और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के वॉटर हीरो अवार्डी सावन कनौजिया ने संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय आ गया है जब हमें पानी की प्रत्येक बूंद का सोच समझकर इस्तेमाल करना होगा क्योंकि पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हम सुबह उठकर शाम तक जो भी दैनिक क्रियाकलाप करते हैं सब में पानी का सर्वाधिक योगदान होता है। छात्रों को क्लब ने जलमित्र की उपाधि देकर अपने आसपास चलते हुए नालों को बंद करने, तालाबों को गंदा न करने व लोगों को उसमें कूड़ा न डालने हेतु रोकने, व जल संरक्षण हेतु आस पास जागरूकता फैलाने का कार्य सौंपा। आज के जल जागरूकता कार्यक्रम के अंत में सभी ने जल संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर हर घर बचेगा जल, तब ही सुंदर होगा कल यह संदेश दिया गया। आज के कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमर सिंह कश्यप, श्री राजकुमार, क्लब कार्यक्रम प्रमुख मनीष राठौर, उत्कर्ष शर्मा, लक्ष्य निचंत, आंचल, जोया अहमद, कनुप्रिया, पूजा जायसवाल, आदित्य, प्रियांशु, रजा खान, आयुषी रस्तोगी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भक्त को भगवान से जोड़ती है श्रीमद् भागवत कथाः कथा ब्यास पंडित मंगल पांडे

**वेलकम इंडिया**



**मिल्कीपुर (अयोध्या )** कुचेरा पूरे सीताराम के पूर्व में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कथा व्यास पंडित मंगल पांडे ने अपने अमृतवाणी के माध्यम से यह बताया है। कि संकट में भी सत्य से विमुख न हो वह अपने वचन और मानव धर्म का पालन करना चाहिए माता-पिता की सेवा अपने गुरु जन. का सम्मान गौ माता का वास तथा ईश्वर का स्मरण जिस घर में होता है वह घर स्वर्ग के समान हो जाता है ।इस कथा के माध्यम से सुप्रसिद्ध पंडित मंगल पाण्डेय ने भक्तो को सनातन धर्म का पालन करने का भी एहसास कराने का प्रयास किया ।श्रीमद् भागवत में रुक्मणी के विवाह का भी वर्णन कथा के माध्यम से किया गया जिस पर आए हुए भक्तगण रुक्मणी के विवाह में खूब नाचे और महिलाओ ने विवाह मंगल गीत गा कर आनंदित हो उठी और सारे भक्त गण झूम उठे ।इस सुअवसर पर कथा में कौशल किशोर शर्मा, ज्वाला प्रसाद शर्मा, शारदा प्रसाद शर्मा, गिरजेश मिश्रा, राजकुमार सिंह, सुरेश तिवारी एडवोकेट, विद्याधर तिवारी, शैलेन्द्र कुमार शर्मा आदि रहे।

# योगी सरकार की नीति को ताख पर रखकर, खनन माफिया प्रशासन की मिलीभगत से सरेआम कर रहे सरकारी तालाब से अवैध मिट्टी का खनन



**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** तहसील रुदौली क्षेत्र अंतर्गत थाना बाबा बाजार के ग्राम लोहटी सरैया में लड़हिया नाम के सरकारी तालाब में लगातार कई दिनों से दिन हो या रात मिट्टी का अवैध रूप से स्क्रैपर मशीन के द्वारा खनन किया जा रहा है। जहां खुले आम योगी सरकार की नीति की धज्जियां उड़ाने में प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। आगे बताते चलें कि ग्रामीणों की सूचना पर बीते दिनांक 4 मार्च को पत्रकार की टीम जब मौके पर पहुंची तो अवैध खनन हो रहा था। हैरत की बात यह है कि उक्त अवैध खनन की सूचना नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा सहित बाबा बाजार थाना प्रभारी को दी गई उसके बाद भी मिट्टी खनन करते रहे। यदि समय रहते प्रशासन की नींद खुल जाती तो बड़ी कार्यवाही की जा सकती थी। आगे बताते चलें कि ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दिन हो या रात मिट्टी का खनन ट्रैक्टर ट्रालियों से धड़ल्ले से किया जाता है मिट्टी की गाड़िया रोड पर फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं। जो अवैध रूप से भरकर 700 से 1000 रुपये प्रति ट्रॉली की दर से जरूरत मंदों के हाथ बेची जा रही है। यदि ग्रामीणों की माने तो अवैध खनन का जब विरोध किया गया तो खनन माफिया उन्हें धमकाकर भगा देते है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस क्षेत्र के कई सरकारी तालाब से मिट्टी का अवैध खनन किया जा चुका है। शिकायत करने पर भी इन भू माफियाओं पर न ही पुलिस प्रशासन कार्यवाही कर रहा है और न ही तहसील प्रशासन। कार्यवाही न होने की वजह से मिट्टी माफियाओं के हौसले बुलंद है यही वजह है कि लगातार सरकारी तालाब से मिट्टी खनन माफिया मिट्टी निकालकर प्रतिदिन लाखों रुपए कमाकर अपनी जेबें भर रहे है।

# शहर को हरा भरा बनाने में जुटा निगम, उद्यान विभाग टीम को अधिकारियों ने किया मोटिवेट, जोनवार दिये गए टारगेट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर को स्वच्छ और हरियाली से भरपूर बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने व्यापक स्तर पर अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम के अंतर्गत लगभग 1400 पार्कों की देखरेख का कार्य उद्यान विभाग द्वारा किया जा रहा है। पार्कों की नियमित सफाई, पौधों को पानी देने, उनकी छंटाई और अन्य रखरखाव कार्य लगातार जारी हैं। अब नगर निगम ने ग्रीन बेल्ट, प्रमुख चौराहों, सेंट्रल वर्ज और डिवाइडरों को नया स्वरूप देने की योजना तैयार की है। इस संबंध में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेशार्नुसार उद्यान विभाग की टीम के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी उद्यान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव और प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज के नेतृत्व में टीम को मोटिवेट किया गया और शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए जोनवार लक्ष्य दिए गए। प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज ने बताया कि नगर आयुक्त के निदेशार्नुसार शहर में ग्रीनरी को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। न केवल पार्कों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने का कार्य किया जा रहा है, बल्कि ग्रीन बेल्ट और प्रमुख चौराहों को भी सुंदर बनाया जाएगा। हिंडन एयरपोर्ट को पूरी तरह से सुसज्जित करने की योजना बनाई गई है। डिवाइडरों और सेंट्रल वर्ज पर अधिक संख्या में गमले लगाए जाएंगे। फूलों और पौधों को व्यवस्थित ढंग से सजाया जाएगा। इसके अलावा, इंदिरापुरम क्षेत्र में विशेष वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए पार्कों में पेड़ों की छंटाई के लिए विशेष मशीन दी गई है, जो केवल इंदिरापुरम वार्डों में कार्य करेगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सभी 1282 नलकूपों के सही संचालन के निर्देश दिए हैं। ताकि शहर के पार्कों, ग्रीन बेल्ट और वृक्षारोपण स्थलों पर पर्याप्त जल आपूर्ति हो सके। सभी टीमों को नलकूपों की नियमित जांच और उनकी सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से पहले शहर के सभी पार्कों में स्थित उनकी मूर्तियों की सफाई और रंगाई-पुताई कराई जाएगी। इंदिरापुरम क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को एक नया स्वरूप देने के लिए रिपोर्ट भी मांगी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उद्यान विभाग की भूमिका अहम होगी। जोनवार पार्कों को अधिक हरा-भरा बनाया जाएगा। मुख्य मार्गों और चौराहों को हरियाली से कवर किया जाएगा। शौचालय और यूरिनल के सामने अधिक संख्या में गमले और पौधे लगाए जाएंगे। शहर में जहां-जहां कूड़ा पड़ा रहता है, वहां सफाई कर पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

लीफ कंपोस्ट पिट की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए उद्यान विभाग को विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में उद्यान पर्यवेक्षक अजय हरित, अधिशासी अभियंता रोहित, अधिशासी अभियंता राजेंद्र, वरिष्ठ लिपिक प्रदीप शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी टीमों को शहर के पर्यावरण को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

# गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव में गड़बड़ी, सचिव पद का निर्वाचन निरस्त



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव 2024-25 में हुई अनियमितताओं को लेकर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सचिव पद के चुनाव को निरस्त करते हुए दो सप्ताह में नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया गया है। सर्वाधिक मत पाने वाले प्रत्याशी अधिवक्ता हरेंद्र गौतम ने चुनाव में धांधली की शिकायत बार काउंसिल उत्तर प्रदेश समेत अन्य जगहों पर की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद एसडीएम कोर्ट ने निर्वाचन को अवैध मानते हुए इसे रद्द कर दिया। 19 अगस्त 2024 को हुए चुनाव में एल्डर कमेटी ने सभी पदों के विजयी प्रत्याशी घोषित कर दिए थे, लेकिन सचिव पद को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मतगणना पूरी होने के बावजूद हरेंद्र गौतम को विजयी घोषित नहीं किया गया। इसके बजाय बार-बार मतगणना कराई गई और कथित रूप से हारे हुए प्रत्याशी अमित नेहरा को सचिव घोषित कर दिया गया। हरेंद्र गौतम का आरोप है कि चुनाव में फर्जी मतदाता सप्लीमेंट्री सूची बनाकर धांधली की गई। साथ ही, मतगणना के दौरान उनके साथ बेईमानी की गई और षड्यंत्र के तहत हार चुके उम्मीदवार को विजयी घोषित किया गया। अपर जिलाधिकारी (सदर) गाजियाबाद ने मामले की सुनवाई के बाद चुनावी अनियमितताओं को सही मानते हुए सचिव पद का चुनाव निरस्त कर दिया। इसके साथ ही, एल्डर कमेटी को मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण कर दो सप्ताह के भीतर पुनः चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# गाजियाबाद में आबकारी विभाग की ई लॉटरी, 463 दुकानों का होगा आवंटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कल आबकारी विभाग द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से शराब की दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ई-लॉटरी की प्रक्रिया को बड़ी स्क्रीन पर डिस्प्ले कराने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और कानून-व्यवस्था एवं ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को 463 दुकानों का ई-लॉटरी से आवंटन किया जाएगा। इनमें 214 देशी शराब की दुकानें, 192 कम्पोजिट शॉप, 43 मॉडल शॉप, 14 भांग की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों के लिए कुल 12,042 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 आवेदन असफल रहे। अब 12,037 आवेदन लॉटरी में शामिल होंगे। ई-लॉटरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, जिलाधिकारी दीपक मीणा (अध्यक्ष), जिला आबकारी अधिकारी (सचिव), एडीसीपी स्तरीय पुलिस अधिकारी और आबकारी आयुक्त द्वारा नामित राजपत्रित अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शराब की दुकान के लाइसेंस के लिए महिलाएं, पुरुष, युवा और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में आवेदन कर चुके हैं। अब सभी बेसब्री से लॉटरी के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। देखना होगा कि किसकी किस्मत चमकती है और कौन निराश होता है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार आदि।

# रेप और मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पोक्सो एक्ट में भी केस दर्ज

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रेप और मारपीट के आरोपी मयंक गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एम-204, अजनारा जेनएक्स, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद का निवासी है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मुलाकात मयंक गुप्ता से 2020 में हुई थी। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। लेकिन कुछ समय बाद ही मयंक ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और अपने व्यापार में घाटे का बहाना बनाकर उससे पैसे ऐंठने लगा। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि मयंक ने उसके नाबालिग बेटे के साथ भी अश्लील हरकत की। इस घटना के बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की।

# सफाई कर्मचारियों के वेतन वृद्धि पर खुशी, गाजियाबाद में मजदूर संघ ने जताया आभार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जय-जयकार के नारे लगाए और वेतन वृद्धि के ऐलान को ऐतिहासिक करार दिया।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी का निर्णय स्वागत योग्य है। अब उनका वेतन 10,000 से बढ़ाकर 16,000-20,000 कर दिया गया है, जिससे लाखों सफाई कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। यूनियन ने इस फैसले के लिए योगी सरकार का धन्यवाद किया और इसे ऐतिहासिक करार दिया। सफाई मजदूर संघ ने भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती पर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में घोषित अवकाश को फिर से बहाल करने की मांग की। संघ ने कहा कि यह अवकाश वाल्मीकि समाज की आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए सरकार को इसे तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए। इस फैसले से गाजियाबाद में कार्यरत हजारों सफाई कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। चूंकि होली का त्योहार भी नजदीक है, इसलिए सफाई कर्मचारियों में इस बढ़ोतरी को लेकर खुशी का माहौल है। अब वे अपने परिवार के साथ होली को और अधिक रंगीन बना सकेंगे। सफाई मजदूर संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने कहा कि सरकार का यह फैसला बेहद सराहनीय है। इससे सफाई कर्मचारियों के जीवन-यापन में आसानी होगी और उनका आर्थिक स्तर भी बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से प्रदेश के लाखों सफाई कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान आई है। अब वे अपनी जिंदगी को और बेहतर तरीके से जी सकेंगे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 628 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने बड़े स्तर पर अभियान चलाया। शहर जोन, देहात जोन और ट्रांस हिंडन जोन में मात्र तीन घंटे के विशेष अभियान के दौरान 628 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन में सबसे ज्यादा 244 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली नगर से 71, विजयनगर से 32, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 44, कवि नगर से 39 और मधुबन बापूधाम से 36 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन में 143 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें इंदिरापुरम से 18, कौशांबी से 23, खोड़ा से 22, साहिबाबाद से 21, लिंक रोड से 24, शालीमार गार्डन से 17 और टीला मोड़ से 18 लोग शामिल हैं। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 241 लोगों को पकड़ा। जिसमें से थाना लोनी में 16 ट्रोनिका सिटी में 44 अंकुर विहार में 20 लोनी बॉर्डर में 37 मसूरी में 19 मुरादनगर में 30 मोदीनगर में 28 निवाड़ी में 07 भोजपुर में 09 वेव सिटी में 06 क्रॉसिंग रिपब्लिक में 25 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से राहगीरों को परेशानी हो रही थी। शराब के नशे में लोग मारपीट और हंगामा करते थे, जिससे आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो रही थी। इसे रोकने के लिए सड़क किनारे, शराब की दुकानों के पास और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया।

# पुलिस ने 30 लाख की 20 टन प्रतिबंधित लकड़ी बरामद की, दो तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना मसूरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इस्टर्न पेरीफेरल से 30 लाख रुपये मूल्य की 20 टन प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों दीपक तिवारी और हरी सिंह परिहार को गिरफ्तार किया है। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर मध्य प्रदेश के दतिया निवासी हैं और ये प्रतिबंधित खैर की लकड़ी हिमाचल प्रदेश स्थित सागर कत्था फैक्टरी में सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि लकड़ी बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से काटी गई थी और आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे तस्करी करने की कोशिश की। पूछताछ में यह भी सामने आया कि इस तस्करी का मास्टरमाइंड देवेंद्र सिंह सोलंकी है, जो मध्य प्रदेश के ओरछा का रहने वाला है। बरामद ट्रक भी उसी के नाम पर है। पुलिस के मुताबिक, देवेंद्र सोलंकी पिछले दो साल से लकड़ी तस्करी के इस अवैध कारोबार में लिप्त है और पहले भी इस तरह के मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल मास्टरमाइंड देवेंद्र सोलंकी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# एक साल से फरार 15 हजार के इनामी बदमाश दीपू सिंह गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश दीपू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दीपू सिंह पर ट्रांसपोर्टर की किडनैपिंग और धोखाधड़ी का गंभीर आरोप था। पुलिस ने उसे शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के ताहीरपुर कट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, 16 मार्च 2024 को थाना शालीमार गार्डन में ट्रांसपोर्टर जगदीप कैतुरा की किडनैपिंग का मामला दर्ज हुआ था। चार दिन बाद उनका शव बुलंदशहर की गंग नहर से बरामद हुआ। इस मामले में दीपू सिंह, मनीष और रवि को आरोपी बनाया गया था। 15 फरवरी 2025 को जगदीप की पत्नी ने एक और मुकदमा दर्ज करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि दीपू सिंह और अन्य आरोपियों ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी।

# सिटी जॉन में नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, 75 हजार रुपए वसूला जुमार्ना







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:(सुमित सोरेन)** नगर निगम एक बार फिर अतिक्रमण हटवाने के लिए सक्रिय हुआ है। बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सिटी जॉन अन्तर्गत रमते राम रोड नई सब्जी मंडी घंटाघर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार के नेतृत्व में रमते राम रोड नई सब्जी मंडी घंटाघर से नगर निगम कर्मियों ने अतिक्रमण हटाया। इस दौरान नगर निगम कर्मियों ने 75 हजार रुपए जुमार्ना की वसूली भी की। निगम कर्मियों ने फुट पाथ पर लगाए गए गुमटी, कई दुकानों के बोर्ड, अवैध रूप से टांगे गए चिमकी समेत सभी तरह के अवैध अतिक्रमण को हटाया। जेसीबी से अवैध निर्माण भी तोड़ा गया, उत्खनन मशीनों का उपयोग करते हुए नगर निगम ने फुटपाथों पर कब्जा कर रखे अतिक्रमणों को हटाया, जिससे पैदल चलने वालों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी और जनता को असुविधा हो रही थी। सिटी जोन के जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार ने बताया कि शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क ,फुटपाथ पर किए गए अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से इलाके के व्यापारी बहुत खुश हुए व लंबे समय से हो रही अतिक्रमण की समस्या को को जोनल प्रभारी महेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा छुटकारा दिलवाने पर रमते राम रोड नई सब्जी मंडी घंटाघर के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से जोनल प्रभारी को सम्मानित भी किया, सम्मानित करने वालों में संदीप बंसल, संजीव लाहोरिया, रविंद्र लाहोरिया , राकेश स्वामी व अन्य लोग शामिल रहे।